
नई सोच, नया आयाम
RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी
◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 325 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8
धरमजयगढ़, बुधवार 20 सितंबर 2023

पेज -7 पर
छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर के करिश्माई नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ....

एक्सिस बैंक डकैती कांड पर भड़के भाजपा नेता बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर के लिए ...
पेज -8 पर

## छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने हो रहे उल्लेखनीय कार्य - मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान इंस्टिट्यूट में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभांवित मरीजों तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का अभिनंदन कर आभार जताया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के सलाहाकार श्री रूचिर गर्ग तथा डॉ. प्रीति नागरिया, डॉ. स्मिथ श्रीवास्तव, डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ को स्वस्थ




और खुशहाल बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके तहत प्रदेश के दूरस्थ वनांचल तक सुगम इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। हमारे लिए यह गर्व की बात हैं कि आज छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों में भी ऐसे



उपकरण और ऐसी सुविधाएं हैं, जिनकी तुलना विश्वस्तर पर की जा सकती है। शासकीय भीमराव आंबेडकर अस्पताल का यह एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट भी इन्हीं में से एक है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान एडवांस कार्डियक इंस्टीट्युट मेकाहारा, रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए वहां आधुनिक उपकरणों सहित तमाम जरूरी सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हृदय रोगों को अत्यंत गंभीर रोगों में शामिल माना जाता है। इन रोगों के उपचार की प्रक्रिया भी बहुत जटिल और महंगी होती है। अस्पतालों में अक्सर जरूरी



उपकरणों और संसाधनों का भी अभाव रहता है। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के माध्यम से इन जरुरती को पूरा करने की कोशिश हम लोगों ने की है। हृदय रोगों के साथ-साथ अन्य सभी तरह के रोगों के उपचार में मरीजों को आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान अवगत कराया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के दायरे में प्रदेश के 69 लाख परिवार शामिल है।

### एक नजर

## रायपुर में 2 बच्चों की मौत



**रायपुर।** राजधानी में दो मासूमों की निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। घटना लाखेनगर के अश्वनी नगर रोड की है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक, अश्वनी नगर रोड पर एक निजी कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। सामने में ही पानी से भरा एक गड्ढा भी है जो पूरी तरह खुला हुआ है। आज दोपहर आवेश (11 वर्ष) और एमडी आबिद (12 वर्ष) खेलते-खेलते गड्ढे के पास जा पहुंचे। इस दौरान पानी से भरे गड्ढे में जा गिरे। थोड़ी देर बाद जब दोनों बच्चे परिजनों को नहीं दिखे तो उन्होंने तलाशना शुरू किया। दोनों बच्चे पानी मे डूबे मिले। परिजनों ने बच्चों को एम्स लाया। यहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। आजाद नगर थाना पुलिस भी घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची। फिलहाल दोनों बच्चे के शव को पीएम के लिए भेजा गया है। साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

## सूरजपुर पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लघंन पर 1534 वाहन चालकों पर की एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही।

**सूरजपुर।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सूरजपुर पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। सूरजपुर पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देशन में यातायात व थाना-चौकी की पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों पर लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रही है।

सबसे बड़ी डकैती

## रायगढ़ में 7 करोड़ की बैंक डकैती

### मैनेजर को किया जख्मी, चेस्ट से सात करोड़ ले उड़े

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित प्रायवेट बैंक में आज सुबह सात करोड़ की डकैती हो गई। बैंक खुलते ही कार में डकैत पहुंचे और चाकू के बल पर मैनेजर समेत स्टाफ को बंधक बना लिया। ब्रांच मैनेजर ने इसका विरोध किया तो उसे चाकू मारकर जख्मी कर दिया। छत्तीसगढ़ की यह सबसे बड़ी डकैती बताई जा रही है। इससे पहले कभी भी ऐसी घटना सूबे में नहीं हुई।

बैंक डकैती की घटना ने प्रदेश को हिला दिया है। रायगढ़ और रायगढ़ से सटे जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है। रायगढ़ पुलिस शहर से आने जाने वाले मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया, आधे दर्जन से ज्यादा आरोपी आज सुबह करीब नौ बजे ढिमरापुर रोड पर स्थित एक्सिस बैंक में ग्राहक बनकर पहुंचे। जैसे ही बैंक खुला तो सभी आरोपी ग्राहक के भेष में बैंक के अंदर घुस गए। बैंक के अंदर कैशियर, बैंक मैनेजर अपने अपने काम पर लगे हुए थे। इस दौरान आरोपियों ने अपने पास रखे हथियार निकाले



और बैंक कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के हाथ मे हथियार देख बैंक कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कुछ आरोपी मैनेजर के पास आये और कैश वाले लॉकर को खुलवाने का दबाव बनाने लगे। मैनेजर के द्वारा मना करने पर एक आरोपी ने अपने हाथ मे रखे चाकू से हमला कर दिया। इस हमले के बाद डकैत बैंक के लॉकर से सात करोड़ रुपए लेकर फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। एसएसपी सदानंद और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे है। जांच जारी है। बैंक के मैनेजर को भी गंभीर हालात में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बैंक के अंदर हुई डकैती की घटना का कुछ फुटेज सीसीटीवी में कैद हुई है। बैंक के बाहर चार पहिया वाहन भी दिखाई दे रही है। पुलिस इन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की खोज में जुटी हुई है। रेकी के बाद घटना पुलिस को आशंका है कि आरोपियों ने इस डकैती के लिए पहले से योजना बनाई थी। घटना से पहले रेकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों को पता था कि बैंक में सुबह के समय भीड़ नहीं होती है। इसलिए पूरी योजना के तहत डकैती की इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ये भी पता लगा रही है कि आखिर बैंक में कितनी नगदी थी।

## जिले में लूट की एक और बड़ी वारदात, मेडिकल व्यापारी के स्टाफ से हुई लाखों की लूट

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

*रायगढ़ जिले में एक दिन में दो लूट की घटना सामने आई है। आज सुबह अपेक्स बैंक में बड़ी लूट को अंजाम देकर लूटेरा फरार हो गये हैं। वहीं आज रात में धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में भी एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। खबर है कि धरमजयगढ़ के पास मेडिकल दुकान व्यापारी के कर्मचारियों से लूट पाट हुई है। पत्थलगांव के गोयल मेडिकल के स्टाफ और ड्राइवर कलेक्शन के लिए धरमजयगढ़ गए थे।*




*लौटते वक्त धरमजयगढ़ से लगभग 5 किमी आगे पत्थलगांव रोड पर अज्ञात लूटेरों ने उनकी गाड़ी रोक दी और कलेक्शन के सारे रकम को कट्टा दिखाकर लूट लिए। बताया जा रहा है कि आरोपी स्कार्पियो में थे और लूट पाट की घटना को अंजाम देने के बाद उसी स्कार्पियो से पत्थलगांव की ओर भाग गए। धरमजयगढ़ एसडीओपी का कहना है कि लूट की सूचना मिली है लेकिन लूट की रकम क्लीयर नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। सीसीटीवी फु टेज का सहारा लिया जा रहा है। आपको बता दें कि आज ही रायगढ़ के अपेक्स बैंक में लूट की बड़ी घटना हुई है और इस घटना की कलई खुलने से पहले एक और लूट की वारदात ने पुलिस की नींद उड़ा दी है।*

### पिछले साल 10 लाख लोगों ने खेला जुआ

## दुर्ग से दुबई -30 सेंटरों से ऑपरेट होता था महादेव सट्टा एप



**रायपुर।** महादेव गैंबलिंग ऐप प्रकरण मामले में लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। ऐप के सरगना सौरभ चंद्राकर के बारे में सामने आया है कि उनकी शादी इसी साल फरवरी में हुई थी। दुर्ग के भिलाई में रहने वाले सौरभ ने दुबई में हुए आलीशान समारोह पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। जो बॉलीवुड सेलिब्रिटीज इस समारोह में पहुंची थीं, उनके ऊपर भी खूब पैसे खर्च किए गए थे। वहीं, ऐप को लगभग 30 सेंटरों से ऑपरेट किया जा रहा था। जैसे जैसे जांच आगे बढ़ रही हैं दुर्ग से दुबई तक के इस सफर की कई राज सामने आते जा रहे हैं।

जिसके ऊपर पिछले साल ही लगभग 10 लाख लोगों ने जुआ खेला। ईडी के रडार पर अब शादी समारोह में जाने वाली सेलिब्रिटीज भी हैं। जिनको कभी भी प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। इन सेलिब्रिटीज में टाइगर श्रॉफ, सनी लियोन, सिंगर नेहा कक्कड़ जैसे लोगों के नाम भी हैं। आपको बता दें कि महादेव गैंबलिंग ऐप का मालिक सौरभ चंद्राकर है। जिसे दुबई से ऑपरेट किया जा रहा था। वहीं, उसके बिजनेस पार्टनर रवि उप्पल के खिलाफ भी लगभग 5000 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के बाद लगातार ईडी की जांच चल रही है। मालिक और बिजनेस पार्टनर दोनों ही छत्तीसगढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जिनको वांटेड की लिस्ट में रखा गया है। सूत्रों के हवाले से सामने आया है कि चंद्राकर की ओर से 18 सितंबर, 2022 को दुबई में लग्जरी होटल में पार्टी दी गई थी।

### शादी में कई सितारों ने किया था परफॉर्म

पार्टी में शामिल कई मशहूर सितारों को 40 करोड़ रुपये तक दिए गए थे। आरोपी की शादी के लिए निजी विमानों को बुक किया गया था।

पीएससी को लेकर हाइकोर्ट सख्त...

## नोटिस जारी कर मांगा जवाब...चेयरमैन सोनवानी पर भी उठे सवाल...

**रायपुर/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पीएससी में बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी बनाने को लेकर लगी याचिका पर बिलासपुर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक ननकीराम कंवर ने यह याचिका लगाई है। आज हाई कोर्ट खुलते ही चीफ जस्टिस रमेश सिनहा ने इसे पहला केस लिया। हाई कोर्ट के



सूत्रों के अनुसार कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हालांकि, कोर्ट ने किसी तरह का फिलहाल स्टे देने की बजाए यथास्थिति रखने कहा है, जैसा कि हाई कोर्ट के गलियारों में चर्चा है। ये भी पता चला है कि आज दोपहर लंच के बाद फिर से इस मामले पर सुनवाई होगी। ननकीराम कंवर ने अपनी याचिका में राजभवन के सचिव अमृत खलको के बेटा और बेटी के डिप्टी कलेक्टर बनने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के कई रिश्तेदारों के भी सलेक्शन पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा है कि पीएससी में जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों ने न सिर्फ रेवड़ियों की तरह नौकरियां नहीं बांटी बल्कि इसकी आड़ में करोड़ों का भ्रष्टाचार किया गया है।

### 39 सीटें अनुसूचित जनजाति, और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है

## छत्तीसगढ़ विधानसभा की 29 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी



**रायपुर।** महिला आरक्षण बिल प्रभावशील होने के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा की 29 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। वर्तमान में कुल मिलाकर 39 सीटें अनुसूचित जनजाति, और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

केन्द्र सरकार ने महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पेश किया। इसमें लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में कुल 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। यानी 33 फीसदी सीटें महिला वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगी।

लोकसभा में 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। राज्यों के विधानसभा में भी स्थिति में परिवर्तन आ जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 29 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान में 29 सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है, और 10 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। महिला आरक्षण होने के बाद आरक्षित वर्ग की सीटों का क्या होगा, यह अभी साफ नहीं है।

## बीजेपी हमेशा लड़ाने का करती है काम, 2024 में राहुल गांधी के आते ही महंगाई होगी कम-कवासी लखमा

**रायपुर।** प्रदेश में चुनाव को लेकर हलचल तेज है. राजनीतिक पार्टियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. इस बीच कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने विधायक के वायरल वीडियो, भाजपा की परिवर्तन यात्रा और लगातार रद्द हो रहे ट्रेन को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा लड़ाने का काम करती है. कांग्रेस जनता के लिए लड़ती है, जनता के लिए मरती है.

भाजपा की परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को पाटन में होने वाली है. इसको लेकर मंत्री कवासी लखमा




ने कहा कि भाजपा हमेशा लड़ाने का काम करती है. प्रियंका गांधी आ रही है तब क्यों रैली करना चाहिए. देश को तोड़ो, समाज को बांटों जैसे काम करते है. इंडिया गठबंधन होने के बाद भाजपा बौखला गई है. दो या तीन दिन बाद रैली करना चाहिए.

विधायक के वीडियो वायरल को लेकर प्रदेश में चल रहे सियासत पर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि विधायक रामकुमार यादव गरीब आदमी हैं. मैं स्कूल नहीं गया हूं मगर गांधी परिवार और कांग्रेस ने मुझे मंत्री बनाए. गरीबों को मदद करने वाली कांग्रेस पार्टी है. रामकुमार यादव जीतेगा. ये रामकुमार यादव को जितना परेशान करेंगे कांग्रेस को उतना फायदा मिलेगा. प्रियंका गांधी के दौरे और महिला सम्मेलन को लेकर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि महिलाएं विधायक और महापौर बन रही हैं. ये नीति राजीव गांधी की है, हम महिलाओं को देवी मानते हैं. महिला घर की होम मिनिस्टर होती हैं. 15 साल में भाजपा ने आंगनबाड़ी, मितानिनों का मानदेय नहीं बढ़ाया. ढोंग करने आते हैं, कभी गोवा, कभी असम के सीएम आ रहे हैं. ये नागपुर से चलने वाली पार्टी हैं.

ट्रेनों के रद्द होने को लेकर मंत्री लखमा ने कहा कि हम आंदोलन करेंगे तो क्या ये गोली मारेंगे. कांग्रेस जनता के लिए लड़ती है, जनता के लिए मरती है. ये अडानी के लिए ट्रेन रद्द कर रहे हैं. 2024 में राहुल गांधी आएंगे तो ट्रेन चलेगी, महंगाई कम होगी.

## मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को नुआखाई पर्व की दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से उत्कल समाज के लोगों को नुआखाई पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि उत्कल समाज द्वारा गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन



ऋषि पंचमी को नुआखाई त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार नई फसल के आगमन, धरती एवं भगवान के वंदन और किसान भाईयों के बंधुत्व और एकत्व का प्रतीक है। इस त्यौहार पर नई फसल को भगवान में अर्पण के बाद एक साथ भोजन और मेलजोल से सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ती है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

# नयी संसदीय यात्रा के दौरान उन्नत और आदर्श मूल्यों को अपनाया जाये

आज संसद में भारतीय संसदीय इतिहास का आठवां विशेष सत्र प्रारंभ हुआ, ऐतिहासिक रूप से देखें तो विशेष सत्र आमतौर पर महत्वपूर्ण विधायी या राष्ट्रीय घटनाओं के उपलक्ष्य में बुलाए गए हैं। संसदीय इतिहास में अब तक संसद के सात विशेष सत्र बुलाए जा चुके हैं जिनमें से तीन बार ऐसे सत्र तब बुलाए गए जब देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मना रहा था।

वहीं दो बार राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए 1977 में तमिलनाडु और नगालैंड में तो 1991 में हरियाणा में विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इस बार 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए मुख्यत: विशेष सत्र बुलाया गये हैं। इस बार का विशेष सत्र संसदीय परम्परा के श्रेष्ठ स्वरूप को उपस्थित करके उसके उत्कर्ष को बढ़ाने और उसे उन्नत-आदर्श बनाने के लिये होना चाहिए, न केवल इस विषय पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए, बल्कि इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए। क्योंकि इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों में संसद में कामकाज के तौर-तरीकों में गिरावट आई है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का विशेष सत्र अन्य सत्रों की तरह हंगामेदार, अमर्यादित एवं अनुशासनहीन न होने की बजाय



सार्थक बहस का माध्यम बनना चाहिए कि हमारी संसदीय कार्यप्रणाली किस प्रकार प्रेरक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वाहक बने। बिना राजनीति आग्रह एवं पूर्वाग्रह के इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए कि संसदीय कार्यवाही कैसे गरिमापूर्ण तरीके से चले। ऐसे अवसर दुर्लभ ही रहे हैं जब संसद में कोई सार्थक चर्चा हुई हो। इसलिये उचित होगा कि इस सत्र में सरकार ने जो विधेयक प्रस्तावित किए हैं उन पर भी बिना सोचे-समझे विरोध जताने के बजाय विपक्षी दल स्वस्थ बहस के लिए तैयार रहें। यह तभी हो सकता है जब नकारात्मकता का परिचय देने के बजाय विधेयकों की रूपरेखा देखने के उपरांत प्रतिक्रिया व्यक्त की सकारात्मक मानसिकता को अपनाया जाये।

निश्चित ही भारतीय संसद के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये संसद एवं आजादी की 75 साल की उपलब्धियों एवं निरन्तर बढ़ रही कमियों पर चर्चा के साथ उन कमियों एवं विसंगतियों को दूर करने का रोडमेप तैयार होना चाहिए। हमें अब तक संसदीय यात्रा की उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां, कमियों और उनसे मिली सीख को चर्चा का माध्यम बनाते हुए सर्वसम्मति से नये संसदीय यात्रा के लिये उन्नत एवं आदर्श मूल्यों को अपनाने के लिये तत्पर होना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में भी विरोध के लिए विरोध की राजनीति अधिक देखने को मिलती है। विपक्षी दल संसद में चर्चा करने से अधिक नारेबाजी करने, नारे लिखी हुई तख्तियां दिखाने, अध्यक्ष के आसान तक पहुंच कर हंगामे करने में ज्यादा ऊर्जा खपाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तो ऐसा लगातार हो रहा है और इसके चलते कई सत्र ऐसे भी रहे जब कोई खास काम नहीं हो सका। 18 सिंतबर से 22 सिंतबर तक चलने वाले इस विशेष सत्र के दौरान कुल 8 विधेयकों को चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, उनकी सेवा की शर्तें और कार्यकाल की अवधि विषयक विधेयक-2023, द प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स बिल, डाकघर विधेयक प्रमुख हैं। इस विशेष सत्र की कार्रवाही का पहला दिन पूराने संसद भवन में एवं बाकि चार दिन नये संसद भवन में आयोजित होगी।

इस सत्र की एक और विशेषता है कि लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों का दूसरे दिन मंगलवार सुबह ग्रुप फोटो होगा। यह भी संभावना की जा रही है कि यह मौजूदा संसद का आखिरी सत्र हो सकता है और सरकार लोकसभा चुनाव समय से पहले करवा सकती है। लोकतंत्र में सफलता की कसौटी है- संसद की कार्रवाही का निर्विघ्न संचालित होना। लेकिन संसद के विशेष सत्र शुरू होने से पूर्व ही कांग्रेस ने नकारात्मक राजनीति के संकेत दे दिये हैं। क्योंकि कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का ही यह उदाहरण है कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की ओर से यह कहा गया कि विशेष सत्र में मणिपुर की स्थिति का मुद्दा भी उठाया जाएगा। जबकि सरकार ने संसद के पिछले सत्र में इस विषय पर चर्चा को लेकर कई बार सहमति जताई थी और अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से विपक्ष के सवालों के जवाब भी दे दिए गए थे तब विशेष सत्र में इस मुद्दे को उठाने का क्या कोई औचित्य नहीं है।

> निश्चित ही भारतीय संसद के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये संसद एवं आजादी की 75 साल की उपलब्धियों एवं निरन्तर बढ़ रही कमियों पर चर्चा के साथ उन कमियों एवं विसंगतियों को दूर करने का रोडमेप तैयार होना चाहिए।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के इस तरह के आग्रह एवं पूर्वाग्रह कोई नई-अनोखी बात नहीं है। लेकिन कांग्रेस एवं विपक्ष ने इस विशेष सत्र को भी हंगामेदार करने की ठानी है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जहां तक महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा, आतंकवाद, चुनावों की स्वच्छता, जैसे मुद्दों को उठाने एवं इन विषयों पर सरकार से जबाव मांगने का प्रश्न है, यह स्वस्थ एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है।

शंकर अय्यर

## संपादकीय

### कांग्रेस ने आरक्षण का दांव चला

कांग्रेस पार्टी ने हैदराबाद की कार्य समिति की बैठक में आरक्षण का दांव चला है। सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण का बिल लाया जाए और उसे कानून बनाया जाए। इससे पहले कार्य समिति की बैठक के पहले दिन यानी शनिवार को कांग्रेस ने आरक्षण को लेकर एक प्रस्ताव मंजूर किया, जिसमें आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। इस बीच एक और दिलचस्प खबर यह है कि पुणे में संघ के सभी संगठनों की समन्वय बैठक हुई थी, जिसमें संघ ने महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की बात कही।


तभी यह सवाल है कि क्या संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल आने जा रहा है? ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को इसका अंदाजा है कि सरकार महिला आरक्षण बिल ला सकती है। इसलिए पहले ही सोनिया गांधी ने यह दांव चल दिया। अब अगर सरकार बिल लाती है तो उसका श्रेय कांग्रेस को भी मिलेगा। कांग्रेस यह भी कह रही है कि मनमोहन सिंह की सरकार ने 2011 में महिला आरक्षण का बिल राज्यसभा से पास कराया था। उसी बिल को सरकार लोकसभा से पास करा सकती है। लेकिन यह संभव है कि अगर महिला बिल आए तो उसमें आरक्षण के भीतर ओबीसी, एससी, एसटी के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए। इसके लिए बिल को बदलना होगा और अगर बिल बदला जाएगा तो उसे दोनों सदनों से पास कराना होगा। बहरहाल, जो हो लेकिन इस बात की संभावना बढ़ गई है कि महिला आरक्षण का बिल विशेष सत्र में आ सकता है।

भारत में मातृभाषाओं का संकट

# चुनौतियों और समाधान पर एक नजर

भाषा का संबंध इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से है। भारतीय भाषाओं में अंतर-संवाद की परंपरा बहुत पुरानी है और ऐसा सैंकड़ों वर्षों से होता आ रहा है। यह उस दौर में भी हो रहा था, जब वर्तमान समय में प्रचलित भाषाएं अपने बेहद मूल रूप में थीं। श्रीमद्भगवतगीता में समाहित श्रीकृष्ण का संदेश दुनिया के कोने-कोने में केवल अनेक भाषाओं में हुए उसके अनुवाद की बदौलत ही पहुंचा। उन दिनों अंतर-संवाद की भाषा संस्कृत थी, तो अब यह जिम्मेदारी हिंदी की है। जब हमारे पास एक भाषा होती है, तब हमें अंदाजा नहीं होता, कि उसकी ताकत क्या होती है। लेकिन जब भाषा लुप्त हो जाती है और सदियों के बाद किसी के हाथ वो चीजें चढ़ जाती हैं, तो सबकी चिंता होती है कि आखिर इसमें है क्या? ये लिपि कौन-सी है, भाषा कौन-सी है, सामग्री क्या है, विषय क्या है? आज कहीं पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ मिलता है, तो सालों तक पुरातत्व विभाग उस खोज में लगा रहता है कि लिखा क्या गया है?

आज भारतीय भाषाओं के बीच संवाद को व्यापक रूप से प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं में बीच संवाद सैंकड़ों वर्षों से जारी है और इनका विकास भी साथ-साथ ही हुआ है। मसलन बांग्ला और मैथिली में इतनी समानता है कि उनमें अंतर करना मुश्किल है, इसी तरह अवधी और ब्रज भाषा तथा हिंदी और उर्दू में भी ऐसा ही है। हिंदी और उर्दू दैनिकों की भाषा पर हुए एक शोध में देखा गया कि उनमें




केवल 23 प्रतिशत शब्द ही अलग थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में मराठी, बांग्ला और दक्षिण भारतीय भाषाओं के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती। आज पूरे भारत में भारतीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव को देखा जा सकता है। भाषाई पत्रकारिता को हम भारत की आत्मा कह सकते हैं। आज लोग अपनी भाषा के समाचार पत्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए भाषाई समाचार पत्रों की प्रसार संख्या तेजी से बढ़ रही है। अलग-अलग बोलियों में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो और टेलीविजन अपने कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस स्मार्टफोन के द्वारा हम सोशल मीडिया के संपर्क में रहते हैं, वहां भी भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है।

आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं। अब जब अलग-अलग बोलियों और भाषाओं में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं, तो सूचना सशक्तिकरण बढ़ रहा है। अब विभिन्न दूतावासों के मीडिया प्रकोष्ठ और विदेशी एजेंसियां भी खबरों के लिए क्षेत्रीय एवं भाषाई मीडिया का लाभ ले रहे हैं। दूसरी तरफ हर अखबार अपने ईपेपर के जरिए दूरदराज के पाठकों तक पहुंच रहा है। हम सब जानते हैं कि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है, ऐसे में क्षेत्रीय अखबार विदेशी धरती पर भी उसी दिन पढ़े जा रहे हैं, जिस दिन वे प्रकाशित होते हैं। आप वर्ष 2040 की कल्पना कीजिए।

तब तक हमारा भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका होगा। गरीबी, कुपोषण, पिछड़ापन काफी हद तक मिट चुके होंगे। देश के लगभग 60 प्रतिशत भाग का शहरीकरण हो चुका होगा।

## मिला जुला

भारत का कनाडा को करारा जवाब

### राजनयिक को 5 दिन में देश छोड़कर जाने का आदेश

**नई दिल्ली** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंसियों पर बड़े आरोप लगाए हैं कि उनका खालिस?तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में हाथ है. ये आरोप लगाते हुए कनाडा ने भारतीय भारतीय राजनयिक को निष?कासित कर दिया है. इसके बाद भारत ने कनाडाई उच्चायुक्त कैमरून मैके को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय मुख्यालय में बुलाया और उन्हें 5 दिन के भीतर देश छोड़कर जाने के लिए कहा है. इससे पहले भारत सरकार ने कनाडाई पीएम के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया और कहा कि उनकी राजनीतिक हस्तियों का खुले तौर पर ऐसे तत्वों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना गहरी चिंता का विषय बना हुआ है. विदेश मंत्रालय ने



कहा, कनाडा के राजनयिक को निष्कासित करने का फैसला हमारे आंतरिक मामलों में कनाडा के राजनयिकों के हस्तक्षेप को लेकर भारत की बढ़ती चिंताओं को दर्शाता है.

सनातन धर्म को मिटाना ही होगा

### तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के फिर बिगड़े बोल



**तमिलनाडु** के युवा मामले और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सोमवार (18 सितंबर 2023) को फिर से सनातन धर्म को लेकर फिर से बयान दिया है. स्टालिन तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के बयान पर पलटवार कर रहे थे. राज्यपाल ने एक कार्यक्रम में कहा था कि राज्य में जाति आधारित भेदभाव बहुत है. सनातन को खत्म करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यहां जन्म के आधार पर सब बराबर हैं. जिसके जवाब में स्टालिन ने कहा, जातिगत भेदभाव के कारण वह सनातन धर्म को खत्म करने की बात करते हैं. सनातन धर्म को खत्म करना ही होगा. हम भी जातिगत आधार पर भेदभाव खत्म करने की बात करते हैं. राज्यपाल भी वही कह रहे हैं. हमारा मानना है कि जन्म के आधार पर जाति खत्म होनी चाहिए. जहां भी जाति के आधार पर भेदभाव होता है मैं उस भेदभाव को खत्म करना चाहता हूं.

# सभी सांसदों ने पुरानी संसद को अलविदा कहा

## पीएम मोदी सबको नई संसद ले गए

पुरानी संसद का आज आखिरी दिन रहा। PM मोदी समेत सभी सांसद पुरानी इमारत से नई संसद गए। सभी सांसद साथ-साथ चले। इससे पहले पुरानी इमारत के सेंट्रल हॉल में विदाई समारोह रखा गया। यह करीब दो घंटे चला।

**नई दिल्ली** PM नरेंद्र मोदी ने 38 मिनट की स्पीच दी। कहा कि ये सदन ऑर्टिकल 370, तीन तलाक, त्रस्ञ जैसे बड़े फैसलों के लिए याद रखा जाएगा। उन्होंने पुरानी बिल्डिंग का नाम संविधान सदन रखने का प्रस्ताव रखा।

### इस सदन ने कई गलतियां सुधारी- मोदी

सेंट्रल हॉल में तिरंगे और राष्ट्रगान को अपनाया गया। अनेक अवसरों पर दोनों सदनों ने भारत के भाग्य को लेकर निर्णय किए। अभी तक लोकसभा और राज्?यसभा ने मिलकर करीब-करीब 4 हजार से अधिक कानून पास किए हैं। नए संसद भवन में जाने के पहले पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को विदाई कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये भवन ये सेंट्रल हॉल एक प्रकार से हमारी भावनाओं से भरा हुआ है।

हमें भावुक भी करता है और कर्तव्य के लिए प्रेरित भी करता है। आजादी पूर्व ये खंड एक प्रकार से लाइब्रेरी के लिए इस्तेमाल होता था। उन्होंने कहा कि बाद में संविधान सभा की बैठक शुरू हुई और उसके बाद हमारे संविधान ने यहीं पर आकार लिया। यहीं पर 1947 में अंग्रेजी हुकूमत ने सत्ता हस्तांतरण किया। उस प्रक्रिया का यह हॉल साक्षी है।

हम सबका सौभाग्य है कि हमें सदन में आर्टिकल 370 से मुक्ति पाने का मौका मिला। ऐसी कई महत्वपूर्ण कामों में संसद की भूमिका अहम रही है।




### मेनका ने कहा- महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलने जा रहा

सेंट्रल हॉल में सबसे पहले सांसद मेनका गांधी ने स्पीच दी। उन्होंने कहा, आज ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलने जा रहा है। महिला आरक्षण से हाशिए पर खड़ी महिलाओं की बदलेगी किस्मत। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज हम ऐतिहासिक घटना के साक्षी बनने जा रहे हैं। अंग्रेजी हुकूमत से लेकर हमारी आजादी में अब तक हमने इस संसद के शानदार पल को अनुभव किया है।

### नया संसद भवन पूरी तरह से हाईटेक

नया संसद भवन पूरी तरह से हाईटेक है, इसमें स्टाफ के प्रवेश के लिए उनका चेहरा ही उनका पहचान पत्र होगा। सांसदों को नए भवन में प्रवेश के लिए बायोमैट्रिक आधारित स्मार्ट कार्ड जारी किए गए हैं। संसद में भाषण किसी भी भाषा में दिया जा रहा हो, लेकिन सदस्य उसे अपनी भाषा में सुन सकेंगे। यह सुविधा संविधान की सूची में उपलब्ध सभी 22 भाषाओं के लिए उपलब्ध होगी। संसद पूरी तरह से पेपरलेस होगा, सभी सांसदों की टेबल पर एक टेबलेट कंप्यूटर है जिसमें हर मंत्री व सांसद के लिए उनसे जुड़ा हर दस्तावेज व जानकारी उपलब्ध होगी। यह दस्तावेज भी 22 भाषाओं में से सांसद की पसंद की भाषा में भी उपलब्ध होंगे। मंत्री रियल टाइम में अपने मंत्रालय के सचिव से कोई सूचना मांगकर संसद में पेश कर सकेंगे। सांसद की उपस्थिति और वोटिंग टेबलेट से होगी। सांसदों की उपस्थिति के लिए मैनुअल काउंटिंग अब बंद हो जाएगी।



### 1200 करोड़ में बनी संसद भवन, ये खासियतें

नई दिल्ली। नए संसद भवन की शुरुआत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इसमें कुल 1280 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है. क्या आप जानते हैं कि इस अत्याधुनिक और पहले से विशाल एरिया में फैले नए संसद भवन की इमारत को तैयार करने में कितना खर्चा आया है? आइए जानते हैं इससे जुड़ी पांच खास बातें... नए भवन में इतने सदस्यों के बैठने की व्यवस्था- सबसे पहले बात कर लेते हैं नए संसद भवन की इमारत के बारे में, तो बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल मई महीने में इस नए संसद भवन का उद्घाटन किया था. विशाल भवन में लोकसभा कक्ष में 888 सदस्य और राज्यसभा कक्ष में 300 सदस्य आराम से बैठ सकते हैं. अगर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक होने की स्थिति में लोकसभा कक्ष में कुल 1280 सदस्य बैठ सकते हैं.

### नूंह हिंसा के आरोपी कांग्रेस विधायक को जेल



**चंडीगढ़.** हरियाणा में हुई नूंह हिंसा के मामले में गिरफ्तार हुए फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को सीजेएम जोगेंद्र सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। विधायक मामन अब नूंह जेल में बंद रहेंगे।

कोर्ट में दोनों पक्षों के बीच तकरीबन 20 मिनट बहस हुई, इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। नूंह हिंसा में दर्ज केसों की जांच कर रही पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का आरोप है कि कांग्रेस विधायक सहयोग नहीं कर रहे हैं। SIT के अधिकारियों का कहना है कि मामन खान ने अपने दर्ज बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। इससे जांच पूरी होने में दिक्कतें आ रही हैं। कोर्ट में शिकायत के बाद एसआईटी ने विधायक पर आईपीसी की धारा 180 (कानूनी रूप से आवश्यक होने पर एक लोक सेवक को दिए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

कांग्रेस एमएलए मामन खान के वकील ताहिर हुसैन देवला ने बताया कि कांग्रेस विधायक की पेशी 137 नंबर FIR में की गई है। पुलिस ने ही ज्यूडिशियल कस्टडी की डिमांड की थी, जिस पर कोर्ट ने विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

समझौता

### ईरान ने 8 साल बाद छोड़े 5 अमेरिकी नागरिक, बाइडन ने लौटाए 6 अरब डॉलर

दोहा. ईरान ने आखिरकार अमेरिका के 5 नागरिकों को मंगलवार को रिहा कर दिया। ये अमेरिकी नागरिक साल 2015 से ही ईरान की हिरासत में थे। इसके बदले में अमेरिका ने ईरान के जब्त किए गए 6 अरब डॉलर लौटा दिए हैं। ये अमेरिकी नागरिक अब अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। अमेरिकी नागरिकों की रिहाई से पिछले एक साल से चला आ रहा प्रयास आखिरकार सफल हो गया है और सभी को आजादी मिली है। अमेरिका और ईरान के बीच इन दिनों तनाव अपने चरम पर है और बाइडन ने हजारों की तादाद में सैनिक खाड़ी में भेजे हैं। ऐसे में ईरान और अमेरिका के बीच सहमति का बनना दुनिया के लिए शांति की एक उम्मीद लेकर आया है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ कैदियों की अदला-बदली के तहत अमेरिका द्वारा मांगे गए पांच बंदी सोमवार को तेहरान से रवाना होकर कतर पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## चंद्रयान और ओलिंपिक वाले गणपति आकर्षण




**रायपुर.** मंगलवार से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। इस दिन वैसा ही संयोग है जैसा पुराणों के मुताबिक भगवान गणेश के जन्म के दिन था। रायपुर में हजारों सार्वजनिक गणेश पंडाल बनाए गए हैं। इ?नमें सबसे ज्यादा चर्चा चंद्रयान और ओलंपिक वाले गणपति की है। तो चलिए इस रिपोर्ट के जरिए आपको बताते हैं रायपुर के अनोखे पंडालों की खासियत। रायपुर के कालीबाड़ी में चंद्रयान की थीम पर बना ये गणेश पंडाल पूरे छत्तीसगढ़ में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसमें आपको चंद्रयान से लेकर तारों तक की अनोखी दुनिया नज़र आएगी।

## हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलने पर हत्या मामले में मुख्यमंत्री भूपेश का बयान: बोले- भाजपा घटना को जबरन धार्मिक रंग दे रही

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ के भिलाई के खुर्सीपार थाने क्षेत्र में सिख समाज के युवक मलकीत सिंह की निर्मम हत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है। बीजेपी इसे लेकर राज्य सरकार को घेरने में लगी है। आज इस घटना को लेकर सिख समाज ने दुर्ग-भिलाई बंद का आह्वान किया है। बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। बंद के दौरान नेशनल हाईवे करीब आधे घंटे तक बाधित रहा। दूसरी ओर इस मामले में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का बयान आया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे जबरदस्ती धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि युवक की हत्या दुर्भाग्यजनक है, जो भी आरोपी हैं, सब पकड़ लिए गए हैं। इसके बावजूद भाजपा राजनीति कर रही है। बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। वो इस प्रकार की घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा भाजपा को कुछ भी नहीं आता है।

### जानें क्या था मामला

सिख समाज के 32 वर्षीय युवक मलकीत सिंह अभिनेता सनी देओल की बॉलीवुड फिल्म गदर-2 देखकर आया था। इस दौरान उसने उत्साह में हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहा था। इस पर पांच बदमाशों को मलकीत का ये नारा लगाना नागवार गुजरा। इसके बाद 5 आरोपियों ने उसकी बेदर्दी और बेरहमी से हत्या कर दी।

### बीजेपी ने खोला मोर्चा

इस घटना को लेकर बीजेपी ने भूपेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। विधानसभा चुनाव नजदीक होने और हत्या की ये बड़ा मुद्दा मिलने पर बीजेपी राज्य सरकार पर हमलावर है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय और बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को परिजनों से मुलाकात की। दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस देते हुए मामले में आरोपियों को फांसी की सजा देने, मामले की फास्ट ट्रैक में सुनवाई कराने की मांग की है। वहीं कांग्रेस सरकार से परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा देने की भी मांग की है।



### प्रदेश में कानून व्यवस्था ताक पर

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के कारण युवक की हत्या की गई है। युवक मलकीत सिंह की हत्या बेदर्दी और बेहरहमी से की गई है। एक निर्दोष युवक की हत्या कर दी गई। इस हत्या की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। साव ने कहा प्रत्यक्षदर्शियों से और परिजनों से बातचीत हुई है। घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली गई है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। साव ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। जिस जिले से मुख्यमंत्री और गृहमंत्री आते हैं, उस जिले में एक 32 वर्षीय निहत्थे युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। इससे साफ पता चलता है कि छत्तीसगढ़ में जंगलराज चल रहा है।

### पीड़ित परिवार को मिले न्याय, दोषियों पर हो कार्रवाई

साव ने दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले। जितने भी दोषी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस प्रशासन को 8 लोगों का नाम बताया है। उन सभी के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य और सहज घटना नही है। लोग बता रहे हैं कि युवक की हत्या के बाद हत्या करने वाले अपराधी शव के ऊपर नाच रहे थे। यह घटना इन अपराधियों की तालिबानी सोच और मानसिकता को दिखाता है।

### भाजपा पीड़ित परिवार के साथ

अरुण साव ने कहा कि इस घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी उनके साथ है। मलकीत सिंह के परिवार को न्याय मिले, इसके लिए हम पूरी ताकत से हर सम्भव मदद करेंगे।

### 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग

साव ने कहा कि माध्यमवर्गीय परिवार के युवक की हत्या हुई है। कांग्रेस सरकार में गरीबों की हत्या उनके साथ अन्याय आम बात हो गई है। राज्य सरकार पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा दें। मृतक के छोटे-छोटे बच्चे हैं, उनकी परवरिश कैसे होगी? इसलिए परिवार के सदस्य को सरकार नौकरी दें।

## एक नजर

### प्रियंका गांधी 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ आएंगी



**रायपुर.** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 21 सितंबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर भिलाई आ रही हैं। वे यहां आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन में शामिल होंगी। इसके बाद 28 सितम्बर को मल्लिकार्जुन खड़गे का दौरा होने वाला है। जबकि 25 सितम्बर को राहुल गांधी का प्रस्तावित दौरा टल गया है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय नेताओं का लगातार दौरा चल रहा है। इससे पहले राहुल गांधी नवा रायपुर में युवा सम्मेलन में शामिल हो चुके हैं और अब प्रदेश की 98 लाख से ज्यादा महिला वोटर्स को साधने प्रियंका गांधी आ रही हैं। भिलाई में बड़ी सभा का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जयंती स्टेडियम में महिला समृद्धि सम्मेलन का आयोजन कांग्रेस करने वाली है, जहां डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाओं को लाने की तैयारी चल रही है।

## पर्यावरण संरक्षण संदेश के साथ तीज सेलिब्रेशन- महिलाओं ने कहा प्लास्टिक से नाता तोड़ो

**रायपुर.** त्यौहार की रौनक तब दोगुनी हो जाती है जब जश्न के साथ - साथ समाज हित में भी काम किए जाएं। ऐसी ही एक पहल की है येलो आर्मी की महिलाओं ने । तीज और विश्व सफाई दिवस से पहले पर्यावरण को संरक्षित करने के संदेश को लेकर इन माहौल ने सफाई अभियान चलाया । येलो आर्मी की महिलाओं ने सेज बहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए घर घर जाकर प्लास्टिक यूज के नुकसान बताएं । प्लास्टिक से नाता तोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ों का नारा देते हुए कालोनी में सफाई अभियान चलाया। लोगों को शपथ दिलवाई की अब वो प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे, पर्यावरण को संरक्षित करने में हर सदस्य का योगदान देगा । साथ ही महिलाओं ने तिजहारिन प्रोग्राम का भी आयोजन किया । जिसके माध्यम से छत्तीसगढियां परिधान में महिलाओं ने अपनी अलग अलग प्रस्तुति दी और छत्तीसगढ़ के लोक प्रिय त्यौहार तीज को मनाया ।



## 33 किमी सड़क की होगी टेंडर प्रक्रिया

**रायपुर.** कोलियारी से दोनर-जोरतराई तक की 33 किमी सड़क के लिए अब 24 गांव के लोगों को चुनाव बहिष्कार नहीं करना होगा। धमतरी और गुरुद ब्लॉक को जोड़ने वाली इस सड़क का काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा। पीडब्लूडी सचिव आलोक कटियार ने बताया कि करीब 85 करोड़ रुपए की लागत वाली इस सड़क की टेंडर प्रक्रिया आने वाले चुनाव से पहले शुरू कर दी जाएगी। प्रोजेक्ट के लिए बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है।

सचिव कटियार ने बताया कि इससे कोलियारी-दोनर ही नहीं, जोरातराई तक 33 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया चुनाव से पहले पूरी की जाएगी और सड़क का निर्माण इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अफसर बताते हैं कि यह ऐसी सड़क होगी जिसके लिए न तो किसी का मकान टूटेगा और न किसी को विस्थापित करना पड़ेगा।




बता दें कि कोलियारी-दोनर के 24 गांव के लोगों ने चुनाव ?बहिष्कार की चेतावनी देते हुए आरोप लगाया था कि कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को वोट देकर देख लिया लेकिन वर्षों से सड़क नहीं बनीं। सड़क की लड़ाई लड़ रहे राजेंद्र शर्मा बताते हैं कि कोलियारी से दोनर सड़क पर हर दिन हजारों हाइवा गुजरते हैं। दूसरी तरफ महानदी है, इस वजह से इन 24 गांव में जाने के लिए यही एक मात्र सड़क है। आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती हैं। हम लोग पिछले कई साल से इस सड़क के लिए आंदोलन कर रहे थे। चक्का जाम करने पर हर बार पीडब्ल्यूडी पेंच वर्क करवा कर पल्ला झाड़ लेता था।

## छत्तीसगढ़ में बरसेंगे बादल- कल से फिर एक्टिव होगा सिस्टम

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मानसून के एक्टिव होने की संभावना है। बुधवार से मानसूनी गतिविधियां एक बार फिर से तेज होंगी। एक से दो दिनों में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। आज भी कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी परेशान करने लगी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा हैं। इसलिए बुधवार को प्रदेश में फिर से मानसून के सक्रिय होने के आसार है। सोमवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस धमतरी में था। इसके बाद बिलासपुर में 35.4, मुंगेली 34.5, राजनांदगांव 34, महासमुंद 33.7, रायपुर 33.5, जांजगीर 33.4, जगदलपुर 33, दुर्ग 32.6, कोरबा 32.4 और अंबिकापुर में 30.2 डिग्री तापमान रहा।

मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तेज धूप रही। उत्तर छत्तीसगढ़ यानी बस्तर संभाग और दक्षिण यानी सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में बादल छाए रहे लेकिन बारिश कहीं भी नहीं हुई।

## रेरा में पंजीयन के बिना थोक सब्जी मंडी बनाकर खरीदी-बिक्री, जुर्माना

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ रेरा ने शहीद भगत सिंह थोक सब्जी मंडी रायपुरा पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। किसी मंडी पर पहली बार इस तरह का जुर्माना लगाया गया है। शास्त्री बाजार में सब्जी का कारोबार करने वालों को डूमरतराई थोक सब्जी बाजार में शिफ्ट किया गया था। लेकिन कई सब्जी वालों को वहां दुकानें नहीं मिल पाई थी। इस वजह से रायपुरा में शहीद भगत सिंह सब्जी मंडी बनाकर वहां दुकानदारों को दुकानें दी गई। इस मार्केट के लिए रेरा में पंजीयन नहीं कराया गया। दुकानदारों को जैसा बताया गया वैसी सुविधाएं नहीं दी गई। मंडी में दुकान लेने वाले संजय नगर के अब्दुल मलिक खान ने शिकायत दर्ज करायी। उन्होंने बताया कि छोटे और मध्यम कारोबारियों को 18 से 20 लाख तक दुकानें देने का वादा किया गया था। दुकानदारों से 11 लाख जमीन खरीदने और 75 हजार बाउंड्रीवॉल के लिए गए। 11 लोगों ने रकम जमा कराई। मंडी में दुकानें बनाने का काम शुरू करने के साथ ही शास्त्री बाजार एवं फल थोक व्यापारी कल्याण संस्था बनाकर जमीन खरीदी गई। उक्त समिति किसने बनाई और इसमें कौन सदस्य है इसकी जानकारी रेरा को नहीं दी गई। एक व्यक्ति ने खुद को संस्था का अध्यक्ष घोषित कर दिया। जमीन खरीदने पहले 11 लाख मांगे, लेकिन बाद में 13.50 लाख मांगे गए।

## कचना ओवरब्रिज का ठेका तय, डेढ़ साल में काम पूरा करना होगा

**रायपुर.** टाटीबंध फ्लाईओवर का काम पूरा हुआ है और शहर के एक और महत्वपूर्ण कचना ओवरब्रिज का काम सितंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू किया जाएगा। 35 करोड़ में इसका टेंडर तय हो गया है। हालांकि पीडब्लूडी की ओर से 39 करोड़ का टेंडर जारी किया गया था। टेंडर प्रक्रिया में आधा दर्जन एजेंसियों ने भाग लिया था। इसमें सबसे कम साढ़े दस प्रतिशत कम कीमत में काम लेने वाली कंपनी को टेंडर दे दिया गया है। निर्धारित दर से कम में टेंडर लेने की वजह से अब एजेंसी को 35 करोड़ में ओवरब्रिज का निर्माण करना होगा। ओवर?ब्रिज का काम पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी को डेढ़ साल का समय दिया गया है। ओवरब्रिज बनने से कचना रेलवे क्रासिंग के आस-पास करीब आधा दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों को सीधा फायदा मिलेगा। पीडब्ल्यूडी ने इसके पहले भी ओवरब्रिज का टेंडर जारी किया था। टेंडर फाइनल होने से पहले ठेका एजेंसी हाईकोर्ट चली गई थी। इस वजह से प्रक्रिया रद्द करनी पड़ी थी। दोबारा टेंडर जारी किया तो ठेका एजेंसी ने पेपर अधूरा जमा किया इसलिए दूसरे टेंडर को भी रद्द करना पड़ा था।

## कांग्रेस भाजपा आमने सामने- काम दिलाने और लेन-देन का वीडियो; विधायक बोले- साजिश कर रहा विपक्ष

**रायपुर.** भाजपा ने फिर से कांग्रेस के एक विधायक का वीडियो सोशल मीडिया में जारी कर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस बार पाली तानाखार के विधायक मोहित केरकेट्टा का वीडियो सामने आया है। इसमें विधायक केरकेट्टा से एक शख्स काम नहीं मिलने की शिकायत और एडवांस में दिए हुए पैसों को वापस मांग रहा है। साथ ही वे पैसे गिनते भी दिख रहे हैं। इस वीडियो को भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने सोशल मीडिया में अपलोड किया है। चंद्राकर ने लिखा कि भाजपा इन दोनों मामलों की जांच कराने की मुख्यमंत्री से मांग की है।

दरअसल, पहले लीक हुए एक वीडियो में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव नोटों के बंडल के साथ दिख रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस विधायक के सामने रखे नोटों की गड्डी वाले इस वीडियो को स्वीकार करेगी या वीडियो पर कोई संदेह है तो जांच के लिये सीबीआई को सौंपने का साहस दिखायेगी? वहीं आईटी को भी भाजपा शिकायत करने वाली है। हालांकि, इस मामले में रामकुमार यादव ने सफाई देते हुए कहा था कि मैं तो पैसों की तरफ देख भी नहीं रहा था। बीजेपी पहले भी मेरे खिलाफ साजिश कर चुकी है।



वायरल वीडियो में एक व्यक्ति विधायक मोहितराम से इसमें विधायक मोहिरात केरकेट्टा डीएमएफ मद से अपने विधानसभा क्षेत्र से काम मांगने की बात कहते नजर आ रहे हैं। वह व्यक्ति काम दिलाने के एवज में बार- बार किसी रेस्ट हाउस में पैसा देने की बात कह रहा है, जबकि विधायक पैसा लेने से इंकार कर रहे हैं।

विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने बताया कि साजिश के तहत ये वीडियो बनाया गया है। विपक्ष के लोग बदनाम करने के लिए साजिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले वीडियो में वे गेस्ट हाउस में बैठे थे और उस दौरान काम दिलाने की चर्चा चल रही थी। जैसे आमतौर पर कई लोग विधायक के पास आकर काम दिलाने की मांग करते हैं। जबकि दूसरे वीडियो में शख्स से जबरन ये कहलवाया गया कि उसने कोई पैसा दिया है, जबकि मैंने वीडियो में ही खंडन कर दिया कि मुझे उसने कोई पैसा नहीं दिया।

## दोस्ती के बाद युवती ने बातचीत की बंद, तो की बदसलूकी

**रायपुर.** मोवा इलाके में रहने वाली एक युवती की सोशल मीडिया में युवक से दोस्ती हुई। दोनों के बीच चैट होने लगा। दोनों ने मुलाकात भी की। उसके बाद युवती ने बातचीत बंद कर दी। कुछ दिन बाद से युवक ने युवती के बारे में सोशल मीडिया में अशब्द लिखना शुरू कर दिया है। युवती को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। युवती ने परेशान होकर पंडरी-मोवा थाना में ?रिपोर्ट की। पुलिस युवक की तलाश कर रही है। पुलिस अफसरों ने बताया कि मोवा निवासी युवती कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। उसकी सोशल मीडिया में एक युवक से दोस्ती हुई।

## कृषि, बिजली समेत चार विभागों में दो हफ्ते में एक हजार पदों के लिए वैकेंसी

**रायपुर.** प्रदेश में अगले दो सप्ताह में एक हजार से अधिक पदों के लिए वैकेंसी निकलेगी। इसके तहत पावर कंपनी, कृषि विभाग, अपेक्स बैंक, कृषि विश्वविद्यालय समेत कई जगहों पर भर्ती होगी। इसमें जूनियर इंजीनियर, उप प्रबंधक, असिस्टेंट प्रोफेसर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सर्वेयर, डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए जल्द ही आवेदन मंगाए जाएंगे। कृषि विवि को छोड़कर अन्य की परीक्षाएं व्यापमं से आयोजित की जाएंगी। पीएससी से भी कुछ वैकेंसी निकलेगी, इसकी तैयारी की जा रही है। हालांकि अभी वेटनरी सर्जन की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। उधर, पं.रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के लिए अक्टूबर के पहले-दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लग सकती है। इससे पहले कुछ और वैकेंसी निकलेगी। तीन सरकारी कृषि कॉलेजों में 4-4 असिस्टेंट प्रोफेसर यानी कुल 12 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए जल्द विज्ञापन जारी होंगे। इसे लेकर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से तैयारी की जा रही है।




## मैं तुम्हारा भाई हूं, चिंता न करो और उसके बाद, छात्रा को देखकर दिव्यांग ऑटो चालक की नीयत खराब

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से विश्वघात और अपराध का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां दिव्यांग ऑटो चालक ने छात्रा को अकेला देखकर उसे अपनी बातों से भहलाया और कहा कि वो उसके भाई जैसा हैं। इसके ऑटो चालक ने मौका देख छात्रा को सुनसान जगह पर ले गया। जहां उसने छात्रा को जबरदस्ती नशे की गोलियां खिलाई और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।



### मौसी के घर आई थी छात्रा

जानकारी के अनुसार, पीड़िता छात्रा की पहचान एक फार्मा छात्रा के रूप में हुई है। छात्रा यहां अपनी मौसी के घर तोरवा में आई थी। शाम को लड़की अपनी दोस्तों के साथ घूमने गई थी। जहां से वो रात 10 बजे वापस अपनी मौसी के घर जा रही थी। तभी गुरु नानक चौक के पास अचानक बारिश शुरू हो गई, लड़की वहीं रुक गई। उसी वक्त वहां ऑटो चालक आया, उसकी ऑटो में पहले से 4-5 सवारी बैठी हुई थी। ऑटो चालक ने इसी ऑटो में छात्रा को भी बैठने के लिए कहा।

### छात्रा को देखकर दिव्यांग ऑटो चालक की नीयत खराब

हालांकि छात्रा ने ऑटो में बैठने से इंकार कर दिया। तब ऑटो चालक ने कहा कि मैं तुम्हारे भाई जैसे हूं, डरो मत मैं तुम्हें सूही-सलामत घर पहुंचा दूंगा।

## रायपुर में मौत का गड्ढा - निर्माणाधीन स्थल पर खोदे गए गड्ढे में दो बच्चे डूबे, दोनों की दर्दनाक मौत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में दर्दनाक हादसा हुआ है. निर्माणाधीन स्थल पर पानी से भरे गड्ढे में दो बच्चे डूब गए हैं. पानी में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. यह मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, लाखेनगर स्थित निर्माणाधीन स्थल पर खोदे गए गहरे गड्ढे में दो बच्चे डूब गए. वहीं लोगों ने पानी में डूबे बच्चों को फौरन निकाला. बच्चों को आनन फानन में एम्स अस्पताल ले जाया गया. जिसमें से एक बच्चे को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया. दूसरे बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. गड्ढे में डूबने वाले बच्चों का नाम मोहम्मद आवेश और आबिद खत्री है. दोनों की उम्र 10 वर्ष से कम बताई जा रही है. इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है.



इस पूरे घटनाक्रम पर स्थानीयों लोगों ने बताया कि ब्रिज टेलर नामक व्यवसायी द्वारा यहां निर्माणाधीन कार्य करवाया जा रहा है. इस जगह पर भवन/कम्प्लेक्स बनवाया जा रहा है.

# घोटाले की सुनवाई में नहीं आने वालों से जवाब मांगा




**रायपुर।** इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक में हुए घोटाले की सुनवाई के दौरान मुख्य अभियुक्त नीरज जैन सहित 4 अन्य उपस्थित नहीं हुए. उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की अदालत में अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आवेदन पेश किया। इसमें बताया कि वह विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं. इसलिए उपस्थित नहीं हो सकते हैं. न्यायालय ने उपस्थिति माफी के साथ ही सभी अभियुक्तों को सुनवाई के दौरान 23 सितंबर को उपस्थित होने का आदेश दिया.

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एवं उपमहाधिवक्ता संदीप दूबे ने कहा कि जो अभियुक्त प्रकरण में पिछले कई सालों से पेशी मे उपस्थित नहीं हो रहे हैं उनकी जमानत को निरस्त किया जाए. उपस्थित नहीं होने का कारण बीमारी बताने पर जिला मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट पेश करने का आवेदन प्रस्तुत किया था.

इसे संज्ञान में लेते हुए न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को उपस्थित रहने और आवेदन का जवाब देने का आदेश दिया था. इस आदेश पर अभियुक्त उमेश सिन्हा, रीता तिवारी, किरण तिवारी, सुलोचना आडिल और उपस्थित हुई. लेकिन, मुख्य अभियुक्त नीरज जैन सहित 4 अन्य उपस्थित नहीं हुए. वहीं इस प्रकरण में अभियुक्त बनाई गई रीता तिवारी एक आवेदन प्रस्तुत किया कि प्रकरण मे अभियोजन न्यायालय के आदेश से प्रकरण की जांच कर रहे है. इसलिए प्रकरण की आगे की सुनवाई स्थगित रखी जाए. न्यायालय ने इस आवेदन पर अभियोजन को जवाब पेश करने का समय दिया है. इस प्रकरण की सुनवाई अब 23 सितंबर को होगी

# कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस के लिए अब 9 प्रतिशत भूखंड या आवास आरक्षित

### सरकार ने किया कॉलोनाइजर एक्ट में बदलाव

*रायपुर। राज्य सरकार ने कॉलोनाइजर एक्ट में बदलाव किया है. जारी अधिसूचना में आर्थिक रुप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वालों के लिए आरक्षित जमीन और मकान के मापदंड में बदलाव किया है.*



जारी अधिसूचना में लिखा है कि नगरीय निकायों की सीमाओं के अंदर प्रस्तावित प्रत्येक आवासीय कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा विकसित भूखंडों, निर्मित आवासों, प्रकोष्ठों की संख्या का कम से कम 9 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित रखा जाएगा. संशोधित एक्ट के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए विकसित भूखंड 35 से 50 वर्गमीटर, निर्मित आवास, प्रकोष्ठ में 30 से 45 वर्गमीटर तक का प्रावधान किया गया है.

इसी तरह निम्न आय वर्ग के लिए विकसित भूखंड 60 से 100 वर्गमीटर, निर्मित आवास, प्रकोष्ठ में 50 से 90 वर्गमीटर तक का प्रावधान रखा गया है. साथ ही प्रस्तावित वैकल्पिक स्थल में विकसित भूखंड, निर्मित आवास, प्रकोष्ठ यथास्थिति का कुल मूल्य आवासीय कॉलोनी के विकसित भूखंड, निर्मित आवास, प्रकोष्ठ के कुल मूल्य का 9 प्रतिशत होना चाहिए.

### ये सुविधाएं जरूरी

*आवासीय कॉलोनी की सीमा से 3 किमी से अनधिक त्रिज्य दूरी के भीतर होनी चाहिए. साथ ही प्रस्तावित वैकल्पिक स्थल मास्टर प्लान के अनुसार भू-उपयोग आवासीय होना चाहिए एवं पहुंच मार्ग के साथ होना चाहिए. संशोधित एक्ट के अनुसार प्रत्येक आवासीय इकाई, प्रकोष्ठ में नल-जल प्रदाय सुविधा तथा भूमिगत अशुद्ध सीवर जल निकासी की सुविधा होनी चाहिए. प्रत्येक आवासीय इकाई, प्रकोष्ठ में कम से कम एक शौचालय होना चाहिए.*

### इको फ्रेंडली और यूनिक गजानन का चलन

# मूर्तिकारों ने बनाई गिल्ली डंडा और बाटी से गणेश जी की मूर्ति



**रायपुर।** रायपुर में गणेश चतुर्थी का उत्सव मंगलवार 19 सितंबर से शुरू हो गया. राजधानी रायपुर में घरों के अलावा, ऑफिस और गली-मोहल्लों में गणपति बप्पा के लिए पंडाल सज चुके हैं. राजधानी में जगह-जगह गणपति जी की मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। इस बार इको-फ्रेंडली गणेश के अलावा यूनिक गणपति भी नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में रायपुर में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तर्ज पर मूर्तिकार यादव परिवार ने गणपति जी बनाए हैं. फल, फूल, सब्जियों के अलावा, भौरा-रेत, बांटी, गिल्ली, और डंडे से गणेश जी की एक शानदार मूर्ति तैयार की गई हैं.

### 13 साल से इको फ्रेंडली गणपति ला रहे शिवचरण

राजधानी रायपुर के रायपुरा इलाके में मूर्तिकार शिवचरण यादव का परिवार निवास करता है. मूर्तिकार शिवचरण की बेटी राशि यादव बताती हैं कि उनके पिताजी शिवचरण यादव ने 13 साल पहले इको-फ्रेंडली और यूनिक गणेश बनाने का आरंभ किया था. उसके बाद से ही पूरा परिवार मूर्तियां बनाता आ रहा है. महादेव घाट के पास 'ढूढ़ते रह जाओगे' के नाम से पिछले 40 साल से दही पापड़ी का ठेला भी लगाते आ रहे हैं, बरसात के दिनों में गुपचुप की बिक्री बंद हो जाती है, तो मूर्तियों का काम करते हैं.

### इस तरह से जुटाई बनाने की सामग्री

*इस यादव परिवार ने 500 भौरा, 1000 बांटी, 700 गिल्ली, और 700 डंडे से गणेश की प्रतिमा को तैयार किया है. पारिजात और सीसम की लकड़ी से गिल्ली डंडा बनाया गया है. मूर्तिकार राशि यादव के मुताबिक बलमहाराज गणेश उत्सव समिति डंगनिया में यह गणपति जी विरजमान होंगे, इसे बनाने में 3 महीने लगे, जब छत्तीसगढ़ में ओलंपिक की शुरुआत हुई तभी इस थीम को सोच लिए थे, तभी से इस पर काम शुरू किया और आज मूर्ति बनकर तैयार है।*

### उरला में बदमाशों ने युवक को मारा चाकू

# दो के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज

रायपुर। उरला इलाके में कुछ दिन पहले एक मर्डर हुआ था, अब दो बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया. चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए. इसके बाद आरोपी भाग निकले. पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.




अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है. पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब 3 बजे बृज ट्रेक एंड टावर कंपनी के सामने अजय टंडन, अमन बंजारे और महेश महिलांगे खड़े थे. आपस में बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान राजू साहू उर्फ दशरू और सुनील पाल उर्फ गड्डी पहुंचे. पुरानी बात पर दोनों का अमन से झगड़ा हो गया. इसके बाद दोनों ने चाकू निकाला और अमन पर हमला कर दिया. लगातार कई वार करने के बाद आरोपी भाग निकले. अमन को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना की सूचना मिलने पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है. आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है. उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही एक युवक की तीन लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी. हत्या के बाद शव को दलदल में छुपा दिया था.

## अपराध

### सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए पार

**रायपुर** । न्यू सेल टेक्स कालोनी खम्हारडीह स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीतेन्द्र भूषण 38 वर्ष न्यू सेल टेक्स कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 17 सितंबर की रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर** । रिंग रोड नंबर 3 स्थित धनेली पहाड़ी चौक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपेश सेन 21 वर्ष गंगानगर खमतराई का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएन 9690 से कहीं जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### पार्किंग में खड़ी बाइक हुई चोरी

**रायपुर** । भाठागांव स्थित लोटस टॉवर के पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उमेश कौशिक 28 वर्ष लोटस टावर भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एसएम 1154 को कालोनी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### युवक की जेब से मोबाइल पार

**रायपुर** । गंज स्थित शराब दुकान के पास युवक के जेब से अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू शर्मा 28 वर्ष दीवानपारा राजनांदगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी यहां रायपुर आया हुआ था। जिससे वह शराब खरीदने के लिए गंज स्थित शराब दुकान गया था। जहां शराब खरीदने के दौरान अज्ञात चोर ने उसके पैंट के जेब में रखे मोबाइल को पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# पुलिस की चुनावी जांच से व्यापारी हो रहे हलाकान

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताई समस्या



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस जांच से व्यापारियों को हो रही कठिनाई को लेकर छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से चेम्बर एवं कैट प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पुलिस जांच से व्यापारियों को आ रही कठिनाइयों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत कराया.

प्रतिनिधिमंडल ने कहा, थोक एवं फुटकर व्यापारी देर रात तक अपने व्यापार का संचालन करते हैं और राशि लेकर अपने घर जाते हैं. वापस सुबह अपने व्यापारिक संस्थानों एवं बैंकों को जाते हैं, जहां उन्हें पुलिस जांच के दौरान ट्रैफिक में देर तक रुकना पड़ता है. उन्हें किसी अनहोनी होने का डर रहता है, जिसके कारण व्यापारियों में भय का माहौल है. बाहर के व्यापारी भी प्रदेश में आने से कतरा रहे हैं. आगामी त्योहारी सीजन में पूरे प्रदेश के व्यापारी रायपुर शहर आकर खरीदारी करते हैं, परंतु अनुकूल वातावरण नहीं होने के कारण व्यापार में विपरीत असर हो रहा है. इस अवसर पर अजय भसीन, उत्तमचंद गोलछा, राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, नीलेश मूंधड़ा, जितेन्द्र दोशी, अजय अग्रवाल, राकेश ओचवानी, नरेश पाटनी सहित व्यापारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

# सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने चंदनडीह के पास शराब पीते आरोपी राकेश दत्ता 44 वर्ष व तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी शुभम देवांगन 21 वर्ष, डीडीनगर पुलिस ने आरोपी मोचन धीवर 22 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी ज्योतिस साहनी 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी मोह.जरूदीन 26 वर्ष, रोशन कुमार सिंह 24 वर्ष व कृष्णा साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी गोपी मछुआ 58 वर्ष व गोलक सामल 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी राहुलराम 32 वर्ष व हरीश दीप 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी उमन मोहम्मद 60 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी देवराज कण्डरा 20 वर्ष, श्रीकांत कण्डरा 32 वर्ष, बलवंत सिंह 48 वर्ष, सुदामा साहू 34 वर्ष, प्रमोद ठाकुर 29 वर्ष च आशीष कटरे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी राकेश मिश्रा 45 वर्ष व कमलेश चक्रवर्ती 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ तीन कोचिये गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 459 पाव देशी व अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 1530 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास अवैध शराब के साथ आरोपी पवन कुमार यादव 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 10 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने खालबाड़ा सड्डू में आरोपी गोविंदा भारती 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम पचरी में दबिश देकर आरोपी विरेन्द्र ध्रुव 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 432 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1230 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**कोरबा** । खेत में काम कर रहे ग्रामीण की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी और एक अन्य महिला गंभीर रूप से झुलस गई। दोनों महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपाली की है। ग्राम शंकर पाली निवासी ग्रामीण लोकनाथ नारंग पिता श्रीपति नारंग 45 अपनी पत्नी संभा नारंग एवं एक अन्य महिला शकुंतला यादव के साथ सोमवार को खेत में काम कर रहे थे। दोपहर में दो बजे के करीब मौसम बदला और गरज चमक के साथ वर्षा होने लगी। इस दौरान अचानक आसमान से बिजली गिरी और खेत में काम कर रहे लोकनाथ नारंग पिता श्रीपति नारंग उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी संभा नारंग और शकुंतला यादव गंभीर रूप से झुलस गई। आसपास खेत में काम कर रहे अन्य ग्रामीणों ने देखा तो दोनों महिलाओं को इलाज के लिए सीएचसी डभरा में भर्ती किया गया जहां उनकी स्थिति उपचार के बाद सामान्य बताई जा रही है।

### गैर कानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही की जा रही है

# महादेव एप्प को भाजपा और योगी सरकार का संरक्षण - कांग्रेस



**रायपुर।** महादेव एप्प को भाजपा की केंद्र सरकार और यूपी की योगी सरकार का संरक्षण है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ईडी द्वारा महादेव एप्प को लेकर की गयी कार्यवाही भाजपाई हुक्मरानों को बचाने तथा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से की गयी थी महादेव एप्प बना कर संगठित आर्थिक अपराध सट्टा खिलाने का नेटवर्क पूरे देश में चलाया जा रहा था। छत्तीसगढ़ में महादेव एप्प के संचालन की जानकारी सामने आयी थी। इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी सामने आने के बाद महादेव एप्प में छत्तीसगढ़ पुलिस लगातार कार्यवाही की जा रही है। बड़े पैमाने पर अपराधियों की छत्तीसगढ़ और देश भर में गिरफ्तारियां भी की गयी। इस गैर कानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही की जा रही है। एकमात्र छत्तीसगढ़ पुलिस इस मामले में कार्यवाही कर रही है। अभी तक छत्तीसगढ़ पुलिस ने 98 आरोपियों पर कार्यवाही कर चुकी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे देश में सिर्फ छत्तीसगढ़ की पुलिस इस संगठित गिरोह के अपराधियो के खिलाफ कार्यवाही करती है। कांग्रेस पार्टी का यह आरोप है कि भाजपा के लोग कही न कही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस अवैध कृत्य में अवश्य शामिल है। अगर शामिल नहीं होते तो आजाद भारत का यह पहला मामला है जब छत्तीसगढ़ की पुलिस उत्तर प्रदेश में अपराधियो को पकड़ने जाये और अपराधियों को संरक्षण देने के लिये उत्तर प्रदेश की पुलिस छत्तीसगढ़ पुलिस के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लेती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे ही छत्तसगढ़ पुलिस को पता चला कि महादेव एप्प संचालन का केंद्र बिन्दु उत्तर प्रदेश का नोएडा शहर है जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी आता है, छत्तीसगढ़ पुलिस वहां कार्यवाही करने गयी थी। जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने नोएडा में 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया तब उत्तर प्रदेश पुलिस सहयोग करने के बजाय अपराधियों के बचाव में उतर आयी है। यूपी पुलिस ने कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों पर धारा 365 के तहत अपहरण का अपराध दर्ज कर लिया। यही नहीं जब नोएडा पुलिस को यह जानकारी मिली कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपराधियों पर कार्यवाही करने आ रही तब उसने एक दिन पहले 9 आरोपियों को जुआ एक्ट में गिरफ्तार कर लिया ताकि छत्तीसगढ़ पुलिस उन्हें पकड़ न पाये और बाद में उनको मुचलके पर छोड़ भी दिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महादेव एप्प एक संगठित गिरोह है। जो कि इस देश के बाहर विदेश से संचालित होता है केन्द्र सरकार अगर चाहे तो विदेश में बैठे हुये अपराधियों के ऊपर कार्यवाही कर सकती है। *लेकिन इस मामले में केन्द्र सरकार और भाजपा की रहस्यमयी चुप्पी अनेक संदेहों को जन्म देती है। जिन अपराधियो के गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश से की गयी थी। उनके खिलाफ यहां दस्तावेजी कार्यवाही करके प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की यह मर्यादा विहीन कार्यवाही अगर संरक्षण नहीं है तो क्या है? कांग्रेस यह सवाल पूछना चाहती है कि क्या बृजमोहन अग्रवाल अब उत्तर प्रदेश की सरकार के खिलाफ जांच की मांग को लेकर ईडी आफिस जायेंगे?*

# बिजली कर्मचारी के घर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, खदीददार फरार, साढ़े तीन लाख के गहने और चांदी के बर्तन जब्त

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र के रावतपुरा फेस-2 कालोनी में चोरी करने वाले दो आरोपितों अभय मिर्चे और राहुल साहू उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से साढ़े तीन लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवर व चांदी के बर्तन जब्त किए गए हैं।




खरीददार सहित दो आरोपित फरार हैं। पुलिस उनकी पतासाजी में जुटी हुई है। टिकरापारा थाने में बिजली विभाग की कर्मचारी शिकायतकर्ता मेघा चौबे ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को परिवार के साथ भिलाई गई थीं। 18 अगस्त को जब घर लौटीं तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर जाकर सामान की जांच की तो लालमारी में रखे सोना-चांदी के जेवर और चांदी के बर्तन गायब थे। मामला दर्ज करने के बाद थाना पुलिस के अलावा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट भी जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। हाल ही में जेल से छूटकर आए आरोपितों की पतासाजी की गई। इस आधार पर अभय और राहुल को दबोचा।

## तितली में मेघा प्रसाद की एंट्री, मनोवैज्ञानिक का निभाएंगी किरदार



एक्ट्रेस मेघा प्रसाद, जिन्होंने लव स्टोरी ड्रामा तितली में एंट्री की है, ने अपने किरदार के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि वह हमेशा सामान्य से कुछ अलग करना चाहती थीं। वह गर्व (अविनाश मिश्रा द्वारा अभिनीत) का इलाज करने वाली मनोवैज्ञानिक का किरदार निभाती नजर आएंगी। अपनी एंट्री और किरदार के बारे में बात करते हुए मेघा ने कहा, मैं तितली का हिस्सा बनकर बेहद खुश और आभारी हूं। यह एक अनोखा शो है और मैं हमेशा सामान्य से कुछ अलग करना चाहती थी। इसका विषय बहुत अच्छा है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं और भी अधिक उत्साहित हूं क्योंकि मैं एक मनोवैज्ञानिक की भूमिका निभा रही हूं जो दूसरों के मानसिक संतुलन के लिए उनके पिछले दर्दनाक घावों को ठीक करती है।



## चमचमाती हुई साड़ी पहन रकुल प्रीत सिंह ने लगाया ग्लैमर का तड़का, कातिलाना अदाएं देख यूजर्स हुए बेकाबू

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने गॉर्जियस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका गजब की हॉटनेस अक्सर फैंस को उनकी ओर लुभाती रहती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सोशल मीडिया का पारा हाई कर लिया है। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और हॉट फोटोज से इंटरनेट का पारा गर्म किए रहती हैं।

उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेता है। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का ट्रेडिशनल लुक देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो लोग उनकी हर एक तस्वीर पर आपना दिल हार जाते हैं। रकुल प्रीत सिंह की इन तस्वीरों में भी एक्ट्रेस ने कानों में झुमके और बालों के स्टाइलिश लुक में बन बनाकर बांध रखा है। रकुल प्रीत सिंह की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि उन्होंने कातिलाना पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई है। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो जल्दी ही फिल्म मेरी पत्नी के रीमेक में दिखाई देने वाली हैं। फैंस भी उनकी इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## कह दूं तुम्हें की अभिनेत्री युक्ति कपूर ने कहा, शो में मेरा किरदार सिंगल मदर्स के लिए प्रेरणा

शो कह दूं तुम्हें में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री युक्ति कपूर ने अपने किरदार के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनका किरदार एक उद्देश्य वाली महिला का है, जो सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण है।

पंचगनी पर आधारित शो कह दूं तुम्हें एक मनोरंजक, मर्डर मिस्ट्री और प्रेम कहानी है, जिसमें कीर्ति (युक्ति द्वारा अभिनीत) और विक्रांत (मुदित नैय्यर द्वारा अभिनीत) की भावनाओं के विभिन्न रंग और भावनात्मक, रोमांचकारी रोलर कोस्टर देखने को मिलेंगे।

शो पर बात करते हुए युक्ति ने कहा, कीर्ति एक सिंगल मदर हैं। वह आत्मविश्वासी, मजबूत महिला हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे कीर्ति का किरदार निभाने का मौका मिला। दर्शकों को कीर्ति के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू देखने को मिलेंगे। वह एक उद्देश्य वाली महिला है। मेरा लक्ष्य कीर्ति बनकर अन्य सिंगल मदर्स के लिए एक उदाहरण बनना है। निर्माता श्वेता शिंदे ने साझा किया, मैंने अपने मन में एक थ्रिलर शैली का शो बनाने की कल्पना की थी। कह दूं तुम्हें एक ऐसा शो है, जिसमें कॉमेडी के साथ-साथ थ्रिलर ड्रामा भी है। उन्होंने कहा, शो के लिए मुदित नैय्यर हमेशा से मेरी पहली पसंद थे। मैं उनसे बेहद प्रभावित हुई और उन्हें अपने साथ ले लिया। कह दूं तुम्हें के साथ मुझे अपनी प्रतिभा और काम दिखाने का मौका मिला। मैं स्टार प्लस की आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी कड़ी मेहनत के लिए हमें प्यार देंगे। वज्र प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, कह दूं तुम्हें स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।



## विवेक अग्निहोत्री ने जारी किया द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर, पल्लवी जोशी की दिखी झलक

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बन रही फिल्म द वैक्सीन वॉर पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चा में है। यह फिल्म 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने कुछ दिन पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें सभी कलाकारों की झलक देखने को मिली।अब इस बीच विवेक ने द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें पल्लवी जोशी अपनी भूमिका में नजर आ रही हैं।




विवेक ने अपने आधिकारिक एक्स पर द वैक्सीन वॉर का नया पोस्टर साझा किया है।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पेश है: भारत के असली सुपरहीरो के बारे में एक फिल्म। एक ऐसी कहानी जो हर माता-पिता अपने बच्चों को दिखाना चाहेंगे। द वैक्सीन वॉर 28 सितंबर, 2023 को दुनियाभर में रिलीज हो रही है।इसमें अनुपम खेर, नाना पाटेकर और राइमा सेन समेत कई कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म कोरोना वॉरियर्स की जिंदगी को दिखाएगी।

यह इंडिया की पहली बायो-साइंस फिल्म है, जो कि भारत बायोटेक और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा को-वैक्सीन बनाने की यात्रा को दिखाएगी।

इस फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में इंडिया फॉर ह्यूमैनिटी टूर के हिस्से के रूप में यूएसए में एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी। द कश्मीर फाइल्स के बाद अब दर्शकों के बीच द वैक्सीन वॉर को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

## बॉक्स ऑफिस पर आई जवान की सुनामी, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 700 करोड़ के पार हुई शाहरुख की फिल्म



शाहरुख खान की फिल्म जवान का फैंस में जबरदस्त क्रेज दिखाई दे रहा है. फिल्म का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था और अब फिल्म की रिलीज के बाद अब दर्शक फिल्म पर भरपूर प्यार लुटा रहे हैं. फिल्म ने 10 दिनों में 440.48 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. वहीं अब जवान का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सामने आ गया है जिसके मुताबिक फिल्म अब 700 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. जवान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेंमेंट ने अपने ऑफिशियस इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बताया कि जवान ने वर्ल्डवाइड 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. प्रोडक्शन हाउस के मुताबिक फिल्म ने अपनी रिलीज के 9 दिनों में ही दुनियाभर में 735.02 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. जवान की स्टोरीलाइन पर बात करें तो फिल्म एक बाप-बेटे की कहानी है. फिल्म में राजनीतिक और सामााजिक मुद्दों को उजागर करती है।

## टाइगर वर्सेज पठान की स्क्रिप्ट पर लगी मुहर, अलगे साल शूटिंग शुरू करेंगे सलमान और शाहरुख



शाहरुख खान अपनी फिल्म जवान की रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए हैं। फिल्म कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है तो प्रशंसकों को अभिनेता की आगामी फिल्मों का इंतजार है। शाहरुख अब सलमान खान के साथ टाइगर वर्सेज पठान में नजर आने वाले हैं, जिसमें दोनों सितारे एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे।कहा जा रहा है दोनों सितारों को स्क्रिप्ट पसंद आ गई है और अब अगले साल शूटिंग शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य चोपड़ा ने अलग-अलग मीटिंग में सलमान और शाहरुख को एक महीने पहले ही फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई है, जिस पर दोनों सितारे राजी हो गए। ऐसे में फिल्म की स्क्रिप्ट आधिकारिक तौर पर लॉक हो गई है।सूत्र के मुताबिक, टाइगर वर्सेज पठान में दो जासूस टाइगर और पठान की कहानी दिखेगी, जो अलग अवतार में नजर आएंगे। सलमान और शाहरुख सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म में एक-दूसरे से आमना-सामना करने के लिए उत्साहित हैं। सूत्र के अनुसार, फिल्म की स्क्रिप्ट पर मुहर लग जाने के बाद अब टीम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दिवाली पर सलमान की फिल्म टाइगर 3 के रिलीज होने के बाद इस फिल्म पर काम शुरू होगा।कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च में शुरू होनी है, लेकिन उससे पहले 5 महीने तक सितारों के साथ तैयारी की जाएगी। टीम को भरोसा है कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। टाइगर वर्सेज पठान को भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म माना जा रहा है। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का एक हिस्सा है, जो सलमान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर फिल्म फ्रैंचाइजी के साथ शुरू हुआ था।

## खेल




# 10वीं बार 10 विकेट से जीता भारत

*इंटरनेशनल फाइनल का लोएस्ट स्कोर, सिराज ने सबसे तेज 5 विकेट झटके; एशिया कप फाइनल के 15 रिकॉर्ड्स*

***कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई। ये भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे छोटा वनडे स्कोर है। मोहम्मद सिराज ने महज 21 रन देकर 6 विकेट लिए। एशिया कप फाइनल में किसी भी प्लेयर का ये बेस्ट बॉलिंग फिगर है। सिराज ने एक ही ओवर में 4 विकेट भी लिए। वह एक ही ओवर में 4 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने।*

मोहम्मद सिराज ने 7 ओवर में 21 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने एक ओवर मेडन भी फेंका। एशिया कप इतिहास में ये किसी भी भारतीय की बेस्ट बॉलिंग है। उनसे पहले ऑफ स्पिनर अरशद अय्यूब ने 1988 में पाकिस्तान के खिलाफ 21 रन देकर 5 विकेट लिए थे। चाइनामैन बॉलर कुलदीप यादव ने भी इसी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 25 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

### श्रीलंका के खिलाफ बेस्ट बॉलिंग

मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ बेस्ट बॉलिंग का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पाकिस्तान के वकार यूनुस का रिकॉर्ड तोड़ा। वकार ने 1990 में शारजाह के मैदान पर 26 रन देकर 6 विकेट लिए थे। सिराज श्रीलंका के खिलाफ 6 विकेट लेने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले आशीष नेहरा ने 2005 में 59 रन देकर 6 विकेट लिए थे। उन्होंने ये प्रदर्शन इंडियन ऑयल कप के फाइनल में कोलंबो के मैदान पर किया था। मोहम्मद सिराज एशिया कप के फाइनल में 6 विकेट लेने वाले दूसरे ही प्लेयर बने। उनसे पहले श्रीलंका के अजंथा मेंडिस ने 2008 में भारत के ही खिलाफ 13 रन देकर 6 विकेट लिए थे।



### वनडे एशिया कप में भारतीय का बेस्ट बॉलिंग फिंगर

| प्लेयर | फिगर | खिलाफ | कहां | कब |
| --- | --- | --- | --- | --- |

वहीं वनडे फॉर्मेट में किसी भी टूर्नामेंट के फाइनल में सिराज ने चौथी बेस्ट बॉलिंग की। उनसे पहले पाकिस्तान के आकिब जावेद ने 1991 में भारत के खिलाफ 37 रन देकर 7 विकेट लिए। उनके बाद अनिल कुंबले ने 12 रन और अजंथा मेंडिस ने 13 रन देकर 6-6 विकेट लिए हैं।

*मोहम्मद सिराज ने पारी में अपने 5 विकेट महज 16 ही गेंद पर ले लिए। उन्होंने वनडे में सबसे कम गेंदों पर 5 विकेट लेने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की। उनसे पहले श्रीलंका के चामिंडा वास ने बांग्लादेश के खिलाफ भी 16 ही गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए थे। वास ने 2003 में ऐसा किया था।*

## रियो ISSF वर्ल्ड कप में भारत को मिला दूसरा मेडल

निश्चल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सिल्वर जीता

**रियो।** रियो में चल रहे ISSF वर्ल्ड कप में निश्चल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सिल्वर मेडल जीता। भारत का इस वर्ल्ड कप में दूसरा मेडल है। इससे पहले 10 मीटर राइफल में विमेंस में भारत को गोल्ड मिला था। निश्चल का यह सीनियर वर्ग में पहला वर्ल्ड कप है। निश्चल ने फाइनल में 458.0 स्कोर किया। पहले नंबर पर रही नॉर्वे की ऐस जीनत हेग डुएस्टेड ने 461.5 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। जबकि डेनमार्क की स्टेफनी ग्रुंडसोई ने 447.6 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।



### डुएस्टेड जीत चुकी हैं 12 वर्ल्ड कप

नॉर्वे खिलाड़ी डुएस्टेड एयर राइफल यूरोपियन चैंपियन हैं। साथ ही वह 300 मीटर थ्री पोजीशन की भी वर्ल्ड चैम्पियन भी हैं। वे वर्ल्ड कप में 5 गोल्ड सहित 12 मेडल जीत चुकी हैं। टोक्यो ओलिंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थीं।

### क्वालिफिकेशन राउंड में निश्चल ने 592 स्कोर के साथ किया क्वालिफाई

क्वालिफिकेशन राउंड में निश्चल ने 592 अंक के साथ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुईं। जबकि अन्य भारतीय शूटर अंजुम और आयुषी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। अंजुम 586 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में 10वें स्थान पर रहीं और आयुषी 580 अंकों के साथ 35वें स्थान पर। फाइनल राउंड में निश्चल और डुएस्टेड आमने-सामने रहीं। 45 शॉट के फाइनल में कभी डुएस्टेड तो कभी निश्चल पहले स्थान पर रहीं।

## ससेक्स के कप्तान चेतेश्वर पुजारा एक मैच के लिए सस्पेंड

*खिलाड़ियों के बुरे व्यवहार के कारण क्लब पर 12 पॉइंट्स की पेनल्टी भी लगी*

ससेक्स क्रिकेट क्लब पर मौजूदा काउंटी चैम्पियनशिप में 12 पॉइंट्स की पेनल्टी लगी है जिसके कारण उसके कप्तान चेतेश्वर पुजारा को एक मैच के लिए सस्पेंड कर दिया गया है।

टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज पुजारा इस समय इंग्लैंड में काउंटी चैम्पियनशिप में खेल रहे हैं और ससेक्स टीम की कप्तानी कर रहे हैं। ससेक्स ने इस साल अप्रैल में पुजारा को कप्तान बनाने का ऐलान किया था।

### ECB ने इस बात की जानकारी दी

ससेक्स पर ये 12 पॉइंट्स की पेनल्टी खिलाड़ियों के बुरे व्यवहार के कारण लगी है और पुजारा को टीम का कप्तान होने के नाते एक मैच का बैन झेलना पड़ रहा है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने इस बात की जानकारी दी।



### ससेक्स ने सजा स्वीकार की

LV= इंश्योरेंस काउंटी चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों के व्यवहार के लिए ECB ने सख्त नियम बनाए हैं। ससेक्स पर इस सीजन चार बार फिक्स्ड पेनल्टी लगी है। ECB के नियमों के अनुसार जब ऐसा होता है तो कप्तान को बैन किया जाता है। ससेक्स ने इसे चुनौती दिए बिना सजा स्वीकार कर ली है।

ECB ने अपने बयान में लिखा है कि 13 सितंबर को लीसेस्टशर के खिलाफ दो ऐडिशनल फिक्स्ड पेनल्टी के कारण ससेक्स को ये सजा दी गई है। ECB ने यह भी बताया है कि इस मैच से पहले उसके खाते में दो फिक्स्ड पेनल्टी पहले से ही थीं।

*पिछले मैच में लीसेस्टशर के खिलाफ तीन खिलाड़ी टॉम हेन्स, जैक कार्सन और एरी कारवेलस के बुरे व्यवहार के लिए टीम को ये सजा मिली है। इसके कारण टीम को 1 ही सीजन में 4 पेनल्टी मिली थी। टीम के 12 अंक भी काट दिए गए और कप्तान पुजारा को 1 मैच के लिए निलंबित कर दिया गया। टॉम और जैक को आज से डर्बीशायर के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में टीम में जगह नहीं मिलेगी।*

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज में रोहित, हार्दिक और कोहली को आराम

शुरुआती 2 वनडे में राहुल कप्तानी करेंगे; अश्विन और सुंदर को मौका

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए सोमवार शाम टीम इंडिया का ऐलान किया गया। कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम घोषित की। शुरुआती 2 वनडे में केएल राहुल कप्तानी करेंगे। वर्ल्ड कप टीम के 5 खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को आराम दिया गया है। अक्षर इंजरी के कारण शुरुआती 2 वनडे नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर दोनों को टीम में जगह दी गई है। तीसरे वनडे में सभी सीनियर खिलाड़ी वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच वर्ल्ड कप से पहले 3 वनडे की सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला 22 सितंबर को मोहाली के PCA स्टेडियम में होगा।



### ऋतुराज भी वनडे टीम में शामिल

शुरुआती 2 वनडे के लिए टीम इंडिया में ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया है। पांचों ही खिलाड़ी वर्ल्ड कप स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। अक्षर पटेल इंजर्ड हैं, इसलिए उनकी जगह अश्विन और सुंदर दोनों को मौका मिला है।

### सचिन बोले- श्रीलंका के लिए कठिन दिन

शास्त्री ने सिराज से पूछा- क्या मियां, कौन सी बिरयानी दबाए आज; टीम इंडिया को मिलीं बधाइयां

**कोलंबो।** एशिया कप के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हरा दिया। कोलंबो में टीम इंडिया की इस यादगार जीत में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का अहम योगदान रहा। सिराज ने 6 विकेट लेकर श्रीलंका को महज 15. 2 ओवर में 50 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने 51 रन का लक्ष्य 6.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। भारत की इस जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर्स ने टीम इंडिया की तारीफ की और कहा कि वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन अच्छा संकेत है। क्रिकेटर्स ने फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे मोहम्मद सिराज के साथ ही कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह की भी तारीफ की। टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री टीम इंडिया और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन से कॉमेंट्री के दौरान काफी उत्साहित दिखे। एशिया कप की कॉमेंट्री पैनल में शामिल शास्त्री ने प्लेयर ऑफ द मैच रहे सिराज से पूछा, क्या मियां, कौन सी बिरयानी दबाए आज? जिसके बाद सिराज ने मुस्कुराकर जवाब दिया कि यहां कोई बिरयानी नहीं।



# सफाई कार्य के निरीक्षण में निकले कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

### मिशन मोड़ में सफाई कार्य करने निगम आयुक्त को दिए निर्देश



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सफाई कार्य का जायजा लेने आज शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। डेंगू संक्रमण के रोकथाम हेतु शहर में सफाई कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई कार्य को देखते हुए वहां ब्लीचिंग पाउडर एवं उन इलाकों में फॉगिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी मौजूद रहें।

कलेक्टर सिन्हा मेन पोस्ट ऑफिस के पीछे, हण्डी चौक एवं केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास हो रहे सफाई कार्य को देखा। उन्होंने सफाई कार्य में लगे अधिकारियों को सभी स्थानों में मिशन मोड़ में सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हण्डी चौक में वहां के व्यापारी से बात करते हुए सभी हण्डी को उल्टे रखने एवं जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न होने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि जल-जमाव होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास के व्यापारियों से चर्चा कर कूलर के पानी की नियमित सफाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने व्यापारियों एवं जन-सामान्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का प्राथमिकता से पालन करने एवं सहयोग हेतु अपील की, ताकि शहर को डेंगू के प्रभाव को कम किया जा सकें। कलेक्टर सिन्हा ने निगम आयुक्त को शहरों में साफ-सफाई को लेकर निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रुप से निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसमें सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों को जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही करें। जहां पानी का ठहराव, खुली टंकी एवं जमा पाए जाने पर वहां चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने टायर बेयरिंग, कबाड़ी जहां अनावश्यक कबाड़ होते हैं, ऐसे स्थानों में विशेष निरीक्षण के निर्देश दिए हैं।





* विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण, सफाई कार्य का लिया जायजा
* कलेक्टर ने लोगों को अपने आसपास जल जमाव से बचने एवं साफ-सफाई रखने को कहा

## एक नजर

### नशे में चला रहा था कार, बाल-बाल बचा चालक

**कोरबा** । नशे में कार चला रहा चालक उस समय बाल-बाल बच गया जब वाहन लुढ़क कर प्रेस कांप्लेक्स में आ घुसा। आरके ग्राफिक्स के पास हुई इस घटना के चपेट में आया एक दोपहिया क्षतिग्रस्त हो गया।

टैक्सी स्टैंड में सोमवार को विश्वकर्मा के विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। नशे में धुत्त होने के कारण वह स्टेयरिंग संभाल नहीं पाया और कार सीढ़ियों से लुढ़कती हई चार फीट नीचे प्रेस काम्प्लेक्स परिसर में उतर गई। सौभाग्य से सामने में कोई नहीं था। बताना होगा कि आरके ग्राफिक्स के पास खतरनाक तरीके सीढ़ी के पास खड़ा कर साज सज्जा किया जाता है। व्यवसाइयों के लापरवाही का खामियाजा यहां से आवगामन करने वालों को भुगतना पड़ सकता है।

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा जिले में निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा

**कोरबा** । विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा दिनांक 9 सितंबर से लेकर 17 सितंबर तक कोरबा जिला में स्वतंत्रता सेनानी इतवार सिंह खुरंसेगा तानाखार शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई जिसमें जिले के 9 प्रखंड कोरबा, कटघोरा, पाली, दिपका, रजगामार, करतला, कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, पसान में यात्रा भ्रमण एवं सभा की गई। शौर्य जागरण यात्रा में देश के वीर हुतात्माओं, सैनिकों विभूतियो के बारे में बताया गया।

दिनांक 17 सितंबर को शौर्य जागरण यात्रा का समापन राम जानकी मंदिर बुधवारी में किया गया, जिसमें क्षेत्र के विशेष संपर्क प्रमुख जुगराज धर, प्रांत सहसंयोजक शुभम कुमार नाग, प्रांत बलोउपासना अखेश जिला कार्य अध्यक्ष राजेंद्र तारक, जिला मंत्री विजय कुमार राठौर, जिला संयोजक बजरंग दल राणा मुखर्जी, जिला सहसंयोजक अखिलेश जयसवाल, कोरबा नगर अध्यक्ष उदय कुमार श्रीवास्तव, नगर संयोजक युगल श्रीवास उपस्थित थे। शौर्य जागरण यात्रा रथ को गगन, गौतम, ओम प्रकाश के नेतृत्व में विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कराया गया ।

### भगवान विश्वकर्मा जी दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर है - गुरूमुख सिंह होरा

**धमतरी** । भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा दोपहर 2 बजे ग्राम डाही में एवं शाम 5 बजे ग्राम कानीडबरी में विश्वकर्मा संघ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए।

यहाँ पर उपस्थित आम जन मानस को विश्वकर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामना देते हुए श्री होरा ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा का जन्म दिन है। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर के रूप में जाना जाता है। भगवान विश्वकर्मा का मतलब यानी कि सृजन का निर्माण, इन्होंने सृष्टि निर्माण में त्रिलोक के सबसे बड़े भगवान में एक साक्षात ब्रह्माजी की भी सहायता की थी। इन्होंने ही देवी देवताओं के अस्त्र-शस्त्र, नगर, और घरों का भी निर्माण किया। भगवान विश्वकर्मा एक प्रसिद्ध ज्ञानी ऋषि और शिल्पकार थे। आज वो हमारे साथ नहीं लेकिन वो हर एक व्यक्ति के जीवन में कला के रूप में दिखाई देते है।

इस अवसर पर ग्राम कानीडबरी से विपीन साहू ,वसीम कुरैशी , कविता योगेश बाबर,विक्रांत शर्मा ,टिकेन्द्र गजेन्द्र , कृष्णा मरकाम ,राहुल बख्तानी ,अभिमन्यू सिन्हा ,सुरेन्द्र पांडेय ,गैंदलाल साहू ,पुरूषोत्तम मंडावी, सत्यनारायण नेताम ,लाल सिंह चन्द्रवंशी, मानिक साहू ,हबीब कुरैशी ,किशुन कंवर ,खम्मन साहू ,गैंदलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित की भर्ती : 23 सितम्बर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़** । छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के सहायक प्रबंधक (फील्ड ऑफिसर), कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) कनिष्ठ प्रबंधक-2, कनिष्ठ प्रबंधक संवाद (ट्रेजरी विशेषज्ञ, मुख्य लेखपाल), उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक के पदों के लिए 23 सितंबर 2023 तक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसका परीक्षा 15 अक्टूबर 2023 को निर्धारित किया गया है। फॉर्म का त्रुटि सुधार 24 से 26 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं।

# ढाई सौ लोगों ने लिया निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का लाभ




*बालोद। बालोद जिले की एवम अविभाजित दुर्ग संभाग की सबसे पहली मेडिकल स्टोर्स के संस्थापक एवम समाज सेवी लक्ष्मी नारायण टुवानी जी की 17 वी पुण्यतिथि पर आयोजित स्वास्थ शिविर में 250 मरीजों ने लाभ उठाया ।*

इस शिविर का उद्घाटन समाजसेवी एवम आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप जैन द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में डॉ ए वी महिश्वर श्रीमती दीपा बागड़ी ( महेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष,राजनांदगांव )एवम डॉ चेतना महिस्वर उपस्थित थे । सबसे पहले डॉ मोना टुवानी ने अपने दादाजी की के जीवन के बारे में बताया की कैसे उन्होंने बड़े संघर्ष करके अंग्रेजों के जमाने में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की और 1 मेडिकल स्टोर्स के चालू हुई यह सेवा आज जिले में कुल 12 मेडिकल स्टोर्स सेवारत है। हजारों लोगों को कंबल ब ाटना,है साल गरीबों को नियमित रूप से भोजन कराना, फ्री में दवाई वितरण करना यह उनके जीवन में शामिल था। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मिताली टुवानी, दंत चिकित्सक डॉ मोना एवम डॉ हर्षिता टुवानी,जनरल एवम फैमिली फिजिशियन डॉ हर्षित टुवानी,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ योगिता टुवानी,आहार विशेषज्ञ प्रतीक्षा टुवानी ने अपनी सेवाएं दी और लगभग 250 मरीजों ने इसका लाभ उठाया । संचालन हंसमुख टुवानी ने किया। पूरे शिविर को बहुत ही सुंदर रूप से अभिषेक टुवानी एवम निधि टुवानी ने संचालित किया। इसमें मुख्य रूप से मनमोहन , भरत एवम सुनील टुवानी ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# दुबलधनिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पधारे आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने लिया प्रेस वार्ता



जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

सनातन संस्कृति की रक्षार्थ नरेंद्र मोदी को पुन: 2024 में देश की बागडोर सौंपना होगा आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज सनातन संस्कृति की रक्षार्थ नरेंद्र मोदी को पुन: 2024 में देश की बागडोर सौंपना है यह बात प्रख्यात भागवताचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकार के सवाल पर बड़े बेबाकी से कहा। आज दुबलधनिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर अंचल के पत्रकारों के साथ विशेष चर्चा करते हुए धर्म, अध्यात्म और राजनीति के विभिन्न पहलुओं पर अपने सधे हुए अंदाज में बात रखते हुए कहा कि हर युग में सूर असुर दोनों प्रवृति की उपस्थिति रही तथा दोनों में संग्राम भी होता रहा है पर आज स्वीकार करने वाली बात यह है कि आसुरी शक्तियां हमेशा परास्त हुई हैं। आज भी ठीक उसी तरह सकारात्मक विचार और नकारात्मक विचारों का संघर्ष जारी है पर यहां हमें समझना है कि अपने भावी पीढ़ी को हिंसाए उपद्रव जैसे नकारात्मकता से शांति सद्भाव समरसता जैसे सकारात्मकता की ओर कैसे प्रवृति करें। इसके लिए सबसे उत्तम मार्ग सत्संग है जो श्रीमद भागवत कथा के रसपान से सहज और सरल ही प्राप्त हो जाती है। इसलिए अपने परिजनों, खासकर बच्चों और महिलाओं को कथा का रसपान अवश्य कराएं। आचार्य अतुल ने अपने को विज्ञान व पत्रकारिता की उच्च शिक्षा के बाद भी अध्यात्मिक पथ पर आने को ईश्वरीय इच्छा बताते हुए कहा कि आज भी धर्म, अध्यात्म व राजनीति में उनकी अपनी निजी राय है जो राष्ट्रभक्ति को सर्वोपरि मानते हुए वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को आत्मसात कर सनातन संस्कृति के लिए समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा कि भारत का रहने का वाला हूं भारत की गीत सुनाता हूं उनके राष्ट्र प्रेम की दिल छू लेने वाली अभिव्यक्ति रही। आज प्रेस वार्ता में अंचल के पत्रकार जनों के साथ ही आयोजक दुबलधनिया परिवार के प्रमुख लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में जिले के राज प्रधान और आकाश कश्यप ने किया उम्दा प्रदर्शन

### स्वर्ण पदक हासिल कर बढ़ाया जिले के साथ ही प्रदेश का गौरव



**जांजगीर चांपा।** बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में जिले के युवा ऊंची उड़ान भरने तैयार हैं। अभी बिलासपुर संभाग अंतर्गत फिटनेस मेला बॉडीबिल्डिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें हल्क फिटनेस क्लब के युवाओं ने उम्दा प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया है, जिससे जिले के साथ ही प्रदेश का गौरव बढ़ा है। बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में जिले के युवाओं का रुझान बढ़ता ही जा रहा है। जिले में कई बॉडीबिल्डिंग क्लब है, जहां युवाओं को तैयार कर संभाग प्रदेश व राष्टीय स्तर पर वे अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर संभाग अंतर्गत फिटनेस मेला बॉडीबिल्डिंग कंपटीशन का आयोजन 16 सितंबर किया गया, जिसमें हल्क फिटनेस क्लब के बॉडीबिल्डरों ने बेहतर प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। इस स्पर्धा में जांजगीर चांपा जिले के राज प्रधान ने 60 किलो बॉडी कैटेगरी में स्वर्ण पदक और आकाश कश्यप ने 55 किलो बॉडी कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले के साथ ही प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही चंद्रहास विश्वकर्मा ने 60 किलो बॉडी कैटेगरी में तीसरा स्थान स्थान प्राप्त कर हल्क फिटनेस क्लब परिवार जांजगीर चांपा का नाम रोशन किया किया है। हल्क फिटनेस क्लब के संचालक किशन वर्मा तथा कैलाश वर्मा इसी तरह सभी बॉडीबिल्डर्स को प्रमोट करने एवं उन्हें राज्य व राष्टीय स्तर पर पहचान बनाने में अपना सतत मार्गदर्शन देते रहेंगे।

# दबंगों ने सड़क मत की भूमि पर किया था कब्जा, तहसीलदार ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

### लंबे इंतजार के बाद पीड़ित को मिला न्याय





जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

सड़क मत की भूमि पर दबंगों ने कब्जा करके निस्तार ही रोक दिया था जिसके बाद से लगातार शासन प्रशासन के सामने गुहार लगा रहा था पर दबंगों के सामने उसकी एक नहीं चल रही थी, जिसके बाद पीड़ित ने उच्च स्तरीय शिकायत के साथ-साथ अपनी बात मीडिया के सामने भी रखी, तब जाकर कलेक्टर सूरजपुर ने इस बात पर संज्ञान लिया, जिसके बाद भैयाथान तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया था पर अतिक्रमण हटा पाने में असमर्थ रहे, वही कोरिया जिले से आए तहसीलदार समीर शर्मा को जैसे ही भैयाथान तहसील कार्यालय का प्रभार मिला एक महीने के अंदर ही पीड़ित को न्याय दिला दिया। दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर रविवार को बुलडोजर चला और अतिक्रमण हटा दिया गया। तहसीलदार समीर शर्मा की इस कार्यवाही की सरहना हो रही है वहीं न्याय के लिए लंबे समय से चक्कर काट रहे पीड़ित ने भी समीर शर्मा की कार्यवाही को लेकर आभार जताया, पीड़ित ने कहा कि यदि ऐसे ही अधिकारी हर तहसील कार्यालय में रहे तो पीड़ितों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञात होगी पीड़ित विजेन्द्र कुशवाहा ने राजस्व सचिव छग शासन नवा रायपुर को शिकायत करते हुए आरोप लगया है की एसडीएम भैयाथान एवं तहसीलदार भैयाथान द्वारा अनावेदकगण से साठ-गांठ कर शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान बनवा दिया गया एवं कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उक्त शासकीय सड़क मद की भूमि से आवेदक एवं अन्य ग्रामवासी का निस्तार होता रहा है किन्तु कुछ वर्षों से अनावेदकगण जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया, मकान निर्माण करने के समय आवेदक तहसील भैयाथान के समक्ष अनावेदकगण शासकीय मद की भूमि पर आहता निर्माण करने व निस्तारी बंद करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था जिसका कार्यवाही विलम्ब से करने के कारण मकान निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया, जिसके बाद तहसीलदार द्वारा हल्का पटवारी से मौका जांच कराया मौका जांच के दौरान हल्का पटवारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि अनावेदकगण द्वारा शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान निर्माण का कार्य किया है और निस्तारी बंद कर दिया है जिसके बाद भी तहसीलदार भैयाथान द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया। यह कि आवेदक द्वारा इस विषय पर कलेक्टर सूरजपुर में समक्ष अवेदन पत्र 27 फरवरी 2023 को प्रस्तुत किया गया जिसका अभी तक कोई कार्यवाही नही कि गई जिस कारण मंत्री को उचित कार्यवाही हेतु आवेदक अपना फरियाद प्रस्तुत कर रहा है आवेदक उक्त आवेदन पत्र पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश देते हुये, कब्जा हटाये जाने हेतु आदेश तहसीलदार भैयाथान व अनुविभागीय अधिकारी भैयाथान को दिलाया जाना आवश्यक है। पीड़ित ने छग शासन के शासकीय सड़क मद के भूमि को जबरन किये गये कब्जा से बेदखली की कार्यवही कराने की मांगा करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। लंबे समय के इंतजार के बाद आखिर पीड़ित को न्याय मिल गया और उसके घर के सामने के सड़क मत की भूमि पर किया गया अतिक्रमण को भैयाथान तहसीलदार समीर शर्मा द्वारा हटा दिया गया इसके बाद अब पीड़ित के लिए विस्तार के लिए भूमि मिल गई और पीड़ित को अब आवागमन में दिक्कत नहीं होगी वही दबंग का सारी दबंगई भी खत्म हो गई।

# डेंगू की रोकथाम को लेकर शहर में टेमिफॉस स्प्रे और फॉगिंग जारी

मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुरू किया डोर टू डोर जन जागरूकता एवं डेंगू सर्वे अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर शहर में डेंगू के मामलों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा वार्डों में सोर्स रिडक्शन के लिए टेमिफॉस दवा का स्प्रे और फॉगिंग के साथ डोर टू डोर अभियान शुरू कर दिया गया है।





प्रभावित क्षेत्रों में मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जन जागरूकता एवं डेंगू सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया हैं। नगर पालिक निगम रायगढ़ के डेंगू प्रभावित वार्डों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन लोगों के घरों तक पहुंच कर स्वयं के बचाव के संबंध में जानकारी देने के साथ ही सर्वे कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही पानी जमा वाले स्थानों, डेंगू के मच्छरों के पनपने के स्थानों की निरीक्षण व जल निकासी का कार्य करते हुए पाम्पलेट प्रदान कर लोगों जागरूक कर रहे हैं। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रुप से शहर के सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही कर रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई किए गए स्थानों में ब्लीचिंग पाउडर डाले एवं इलाकों में फॉगिंग मशीन भी चलाई जा रही हैं। जिससे शहर में डेंगू को नियंत्रित किया जा सकें।

### स्वास्थ्य विभाग एडवायजरी जारी कर निर्देशों के पालन करने की कर रही अपील

डेंगू के बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी की हैं। जिसमें डेंगू से बचने के उपाय बताया गया हैं, जिसका पालन करने शहर वासियों को अपील की गई हैं। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे भी की जा रही हैं।

### नगर निगम की टीम लगी सोर्स रिडक्शन में, वार्डों में टेमिफॉस स्प्रे के साथ की जा रही फॉगिंग

शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने कलेक्टर सिन्हा ने बैठक लेकर शहर में साफ -सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए थे। नगर निगम द्वारा वार्डों में डेंगू के लार्वा के सोर्स रिडक्शन को लेकर हॉट स्पॉट वाली जगहों में टेमिफॉस का स्प्रे करवाया जा रहा है। इसके साथ ही अत्यधिक प्रभावित वार्डों में फॉगिंग करवायी जा रही है। नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि डेंगू नियंत्रण को लेकर लगातार विशेष सोर्स रिडक्शन अभियान जारी रहेगा।

* लोगों से सतर्कता बरतने की जा रही अपील, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी
* कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने विभागों को मिशन मोड में कार्य करने के दिए हैं निर्देश

## एक नजर

### जिलाध्यक्ष ने नव मतदाताओं को नवमतदाता सम्मेलन शामिल होने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा नव मतदाता एवं युवा सम्मेलन कार्यक्रम आज मालखरौदा के अस्पताल मैदान में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह प्रभारी छग भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार नितिन नबीन व विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ फि ल्म के सुपर स्टार अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला, गुरूपाल भल्ला, रवि भगत प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा, खुशवंत साहेब सतनामी समाज के धर्म गुरू निर्मल सिन्हा, अभनदीप जी उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा द्वारा कार्यक्रम की तैयारी का समीक्षा किया गया और कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को कई प्रकार की जिम्मेदारी दिया। वहीं जिलाध्यक्ष ने बातया कि यह कार्यक्रम भव्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी नव मतदाताओं और युवको को अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया।

### एबीवीटीपीएस मड़वा में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर लगाए गए भोग-भंडारे

**कोरबा-जांजगीर** । अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा में विश्वकर्मा जयंती पर बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर विद्युत संयंत्र के कुशल संचालन के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर श्री बंजारा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा देवशिल्पी हैं। भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के पहले वास्तुकार व शिल्पकार हैं। उनके आशीर्वाद से हमेशा नवसृजन होता है। विश्वकर्मा जयंती पर विद्युत संयंत्र के विभिन्न हिस्सों में तकनीकी विभागों द्वारा पूजा-पंडाल सजाए गए। यहां बड़ी श्रद्धा से पूजा-अर्चना के बाद भोग भंडारा लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव, ए.खान, एसडी द्विवेदी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ डॉ. आरके तिवारी ने भी पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया।

### पुराने संसद में कामकाज के अंतिम दिवस सांसद ज्योत्सना ने कहा.ओल्ड इज गोल्ड

नए संसद भवन में भी गूजेंगी कोरबा लोकसभा की आवाज

**कोरबा** । 95 साल पुराना संसद भवन अब अतीत का पन्ना बन गया। नए संसद भवन में कामकाज से पहले पुराने संसद भवन में सांसदों ने अपने अंतिम कार्य को अंजाम दिया। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर नए संसद का उद्घाटन होगा। पीसीसी चीफव बस्तर सांसद दीपक बैज साथ रहे कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत पुराने संसद भवन में कामकाज के अंतिम दिवस भावुक हो उठीं। उन्होंने संसद भवन की डायरी में लिखा ओल्ड इज गोल्ड।

सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि नए भवन में संसदीय कार्य की जहां उत्सुकता है और यह देश के लिए एक गौरवमयी क्षण की शुरूआत है, वहीं दूसरी तरफ 95 साल पुराने संसद भवन से अलग होने का दुरूख भी है। पुराना संसद भवन भारत देश की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले अनेक निर्णयों का साक्षी रहा है। आजादी से पहले और आजादी के बाद का यह संसद भवन हर भारतवासी की स्मृति में सदैव अक्षुण रहेगा। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रथम उद्बोधन से लेकर इस संसद ने अनेक गौरवमयी क्षणों का अनुभव किया तो कई बार देश हित में कठोर निर्णयों का भी साक्षी बना है। ज्योत्सना महंत ने कहा कि वे नए संसद भवन में भी अपने कोरबा संसदीय क्षेत्रवासियों के हित के लिए पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ अपनी आवाज बुलंद करती रहेंगी। उम्मीद है कि नए संसद भवन से कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए हितकारी निर्णय जारी होंगे।

### उमस से निजात पाने मां-बेटे ने किया धतूरा का सेवन, हालत गंभीर

**कोरबा** । सोमवार की सुबह दस बजे शहर के मानस नगर में निवासरत मां.बेटे की हालत शिव लिंग में चढ़े धतूरा को खाने से गंभीर हो गई। जिला मेडिकल कालेज अस्पताल में दोनों का उपचार जारी है। उमस से निजात मिलने की भ्रांति के कारण धतूरा खाने से यह दशा हुई।

अंधभक्ति और गलत मान्यता का पालन करने का परिणाम मानस नगर निवासी बालमुकुंद विश्वकर्मा व उसकी मां निर्मला विश्वकर्मा को भुतगतना पड़ा। बालमुकुंद राज मिस्त्री का काम करता है। इन दिनों वर्षा व धूप के चलते उमस का असर तेज है।

## जो मनुष्य एक सच्चा सनातनी होगा वो कभी भी अपने माँ-बाप एवं धर्म का अपमान नहीं करेगा

**कोरबा** । पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के सानिध्य में 16 से 22 सितंबर 2023 तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड, हाईस्कूल परिसर, गोकुल धाम के पास कटघोरा, छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को मुझे ऐसी लगन तू लगा दे, मैं तेरे बिना पल ना रहूं भजन का श्रवण कराया।

मृत्यु को सुधारने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। इसलिए भगवान ने जो मनुष्य को दिया है उसका सदुपयोग करना चाहिए। अगर मनुष्य को भगवान की प्राप्ति हो गयी एवं मनुष्य जीवन का उद्देश्य प्राप्त हो गया तो ये मनुष्य के लिए सबसे बड़ी प्राप्ति होती है, इसलिए मनुष्य को हमेशा भगवान को मनाने का प्रयास करते रहना चाहिए। जो बहु अपने सास-ससुर की सेवा करती है वो असल रूप में देवी होती है क्यूंकि ऐसी स्त्री देवताओं की नज़रों में भी पूजनीय हो जाती है। माँ-बाप का कर्ज कोई नहीं उतार सकता है क्यूंकि माँ-बाप अपनी सारी पूंजी अपनी संतान के पालन पोषण में लगा देतें हैं। जो मनुष्य एक सच्चा सनातनी होगा वो कभी भी अपने माँ-बाप एवं धर्म का अपमान नहीं करेगा। मनुष्य जो जीवन भर करता है उसमे ही मन लगाकर रखता है इसलिए मनुष्य मृत्यु से डरता है। वैष्णव धर्म के अनुसार हमें भगवान की पूजा करनी चाहिए और सब से ज्यादा ताकत हमारे गुरु द्वारा दिए हुए मंत्र में होती है। मंत्र लेने के बाद जाप ना करना मनुष्य के लिए नर्क के दरवाजे खोलना होता है। हमें मंत्र का जाप करना चाहिए क्योकि उससे बड़ी सम्पत्ति कोई और नहीं होती है। व्यक्ति को हमेशा अपने लोभ, मोह, इर्षा, क्रोध,काम, बुरी आदतों का त्याग करना चाहिए। इस संसार में जितने भी जीव-जन्तु है वो सब जन्म से सनातनी ही हैं।

## साइंस कालेज मैदान बना ब्राम्हण एकजुटता का साक्षी, सियासी भागीदारी बढ़ाने का आव्हान

बिलासपुर के सीपत मे आयोजित ब्राम्हण सम्मेलन मे जुटे 20 हजार विप्र, सीएम भी पंहुचे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ।






बीते 17 सितंबर को बिलासपुर के सीपत स्थित साइंस कालेज मैदान मे आयोजित ब्राम्हण सम्मेलन मे प्रदेशभर के विप्र एकजुट हुए और छत्तीसगढ़ के विकास और भागीदारी मे अपनी राजनैतिक सहभागिता बढ़ाने का आव्हान किया गया। इस आयोजन मे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल भी सम्मिलित हुए एंव ब्राम्हण समाज के लिए आबंटित भूमि पर विप्र बहुउद्देशीय परिसर का भूमि पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन मे प्रदेश के विकास और सामाजिक समरसता मे ब्राम्हणों के जिम्मेदार भूमिका की सराहना भी की और आने वाले 2023 के चुनाव मे सरकार की बेहतर वापसी के लिए समूचे विप्र समुदाय से करबद्ध आशीर्वाद की कामना की।समाज के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शुक्ला व कार्यकारी अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन मे आयोजित ब्राम्हण सम्मेलन मे पूरे प्रदेश से करीब 20 हजार से ज्यादा विप्रगणों की मौजूदगी रही। इस सम्मेलन मे उपस्थित केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुन्दर दास, कृषि आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, राकेश चौबे आदि ने भी अपने संबोधन मे ब्राम्हणों के इस सम्मेलन को प्रदेश का अब तक का सबसे बडा सम्मेलन बताया। वहीं ब्राम्हणों की इस एकजुटता के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जहां सरकार आने वाले चुनाव मे ब्राम्हण वोटरों को साधने की कोशिश में जुट गई हैं वहीं ब्राम्हण समाज भी अपनी राजनैतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। हांलाकि इस सम्मेलन मे बीजेपी से जुड़े ब्राम्हण चेहरे अनुपस्थित रहे। ब्राह्मण विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शुक्ला ने विप्र समाज के सभी विंग के संगठनों के अध्यक्षों को ससम्मान कार्यक्रम मे शामिल होने आमंत्रित किया था। इसी कड़ी मे विप्र समाज के पूरे कार्यक्रम मे वर्ल्ड ब्राहमण फेडरेशन बिलासपुर अध्यक्ष रेखेंद्र तिवारी और रायगढ़ जिला ईकाई के अध्यक्ष हरेराम तिवारी की भी मंच पर पूरी गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विप्र महिलाओं की भी बढ़ चढ़ कर भागीदारी रही।

## ग्राम पंचायत खैरा पहंदा में 4 से 5 मवेशी की मौत, आखिर क्या वजह है कि लगातार हो रही मवेशी की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरा पहंदा से मवेशी की मौत की खबर सामने निकलकर आ रही है जिसमें लगातार ग्रामीणों ने आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कहा है कि हमारे ग्राम पंचायत खैरा में शासन द्वारा दी गई गाइडलाइंस की कोई पालन पूर्णतः तरीके से पालन नहीं की जा रही है जिसकी वजह से यह आलम पैदा हो रहा है कि आज मवेशी की मौत हो रही है शासन ने यहां गाइडलाइंस जारी कर तो दी है की रोकछेका अभियान का पालन करें जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में रोकछेका का अभियान का पालन तो हो रहा है मगर मवेशी को जिस जगह पर रख रहे हैं वह अघोषित जगह है और उसे जगह पर चारा पानी उसके पूर्ण रखरखाव की व्यवस्था अगर पूर्ण तरीके से नहीं हो पाएगी तो मवेशी की गंभीर हालत का होना लाजमी है और इसका जिम्मेदार कौन होगा क्या होगा यह किसी को पता नहीं क्योंकि हमारे ग्राम पंचायत में लगातार बैठक तो हो रही है मगर जानवरों के लिए किस प्रकार से रखरखाव किया जाए उसके लिए संपूर्णः किस विधि प्रणाली से व्यवस्था हो पाए यह जरूरी कार्य प्रणाली की व्यवस्था नहीं हो पा रही है ग्राम पंचायत खैरा में लगातार मवेशी की मौत हो चुकी है ग्रामीणों ने बताया कि वह लावारिस पशु है जो गांव के ही किसी कांजीहाउस जैसी जगह पर रखी गई थी मामला क्या है इसका पूर्णतः जानकारी नहीं है मगर सरपंच सचिव को इसकी जानकारी जो मवेशी के रखरखाव की जिम्मेदारी जिसको दी गई थी उसके द्वारा बता दी गई है और चाबी भी उसको दे दी गई है मगर क्या हुआ? क्यों हुआ कैसा हुआ यह जांच के उपरांत ही पता चल पाएगी, अब यह देखने वाली बात होगी की खबर की प्रशासन के बाद इस तरह से रोकछेका का अभियान की स्थिति के मरने की स्थिति और मवेशी की करने की खबर तथा ग्राम पंचायत के लोगों की बयान तथा सचिव सरपंच की घोर लापरवाही यह किस स्थिति में है या प्रशासन ही जाने जांच में स्पष्ट रूप से पता चल पाएगी आगे की खबर अभी बाकी है वह अगले अंग में प्रशासन की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर के करिश्माई नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बनेगी भाजपा की सरकार-सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

ओम माथुर भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी हैं। उन्हें करिश्माई और प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए जाना पहचाना जाता है। छत्तीसगढ़ में उनके नेतृत्व शैली से पार्टी कार्यकर्ता में ऊर्जा और नवीन उत्साह की मात्रा में भरपूर वृद्धि करती है। ओम माथुर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह जागृत हुआ है, जिससे पार्टी की वहां स्थिति मजबूत हो रही है।





उनके आगमन से भाजपा को छत्तीसगढ़ में नई ऊंचाइयों को छूने की आशा हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील रामदास का कहना है कि ओम माथुर के नेतृत्व में इन दिनों छत्तीसगढ़ में भाजपा की मजबूती हुई और जनसमर्थन में भारी वृद्धि हुई है। वे पूरे प्रदेश में जन समर्थन प्राप्त करने के लिए अनोखे जनसंपर्क और प्रचार प्रसार अभियान चला रहे हैंए जिनके कारण से भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं। कार्यकर्ताओं में जोश और स्फ ूर्ति आ गई है। वे अधिक उत्साह के साथ कार्यक्रमों और सभाओं में हिस्सा ले रहे हैं। ओम माथुर को रायगढ़ जिले के कार्यकर्ताओं से लगाव हो गया है। रायगढ़ में 2-3 बार आ चुके हैं, जिससे वे जिले के कार्यकर्ताओं को नाम से जानते पहचानते हैं। उनकी आवाजाही से कार्यकर्ता उत्साहित हो रहे हैं। भारतीय राजनीतिज्ञ ओम माथुर ने अब तक जहां.जहां भी प्रभारी के कार्यभार संभाले हैं, वहां भाजपा की सरकार आई है। उत्तर प्रदेश में सरकार बनने के पीछे उनका घोर परिश्रम और पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकत्रित करने में उनके अथक योगदान का परिणाम है। उनकी विजयी रणनीति, जनता के बीच उनकी प्रतिष्ठा और उनके सूक्ष्म स्तर की कार्य योजनाओं ने पार्टी को वहां विजयी बनाया। गुजरात और महाराष्ट्र में प्रभारी के रूप में पार्टी को संगठित करने में उनका योगदान अतुलनीय है।

ओम माथुर की योजना और सफ्ल क्रियान्वयन रणनीति के कारण, प्रधानमंत्री की रायगढ़ आमसभा एक सफ ल आयोजन बनी। आमसभा में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता के सामने रखा। इस आमसभा ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की लोकप्रियता में वृद्धि करने में मदद की। छत्तीसगढ़ में उनके योगदान को भाजपा के लिए विजयी मार्ग निर्धारित करने में महत्वपूर्ण और अद्वितीय रोल मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए। रायगढ़ में प्रधानमंत्री की आमसभा ने उम्मीद से अधिक सफ्लता प्राप्त की। ओम माथुर के नेतृत्व में भाजपा ने छत्तीसगढ़ में एक मजबूत संगठन बनाया है। वे एक प्रभावी चुनाव प्रचारक भी हैं। कुशल और अनुभवी राजनेता ओम माथुर के करिश्माई नेतृत्व में निसंदेह छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी, इसमें किसी प्रकार कोई शंका नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को एक सफ ल चुनावी अभियान माना जा रहा है। राजस्थान से राज्य सभा के सांसद ओम माथुर के प्रखर नेतृत्व में भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ में विकास और समृद्धि के लिए अपनी योजनाओं को जनता के सामने रखने के लिए भी यात्रा की जा रही है। यात्रा ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की लोकप्रियता में वृद्धि की है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

# मांडनदी से अवैध रेत उत्खनन जारी, कब आएगी कार्यवाही की बारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ के जीवनदायनी मांड नदी से कुछ लोग भरपूर अपना स्वार्थ साध रहे हैं स्थानीय प्रशासन की खौफ से परे हटकर अवैध रेत उत्खनन व परिवहन में लीन है। मांडनदी से लगातार अवैध रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य बेखौफ देखा जा रहा है जो कहीं न कहीं चिंता का विषय है।



धरमजयगढ़ मांडनदी के डोंगाघाट में दिन के किसी भी समय बड़ी आसानी से रेत से भरा दर्जनों ट्रैक्टर को चलते फिरते देखा जा सकता है रेत लिए यह ट्रेक्टर गांव की ओर तो कुछ नगर के अंदर बड़े आराम से परिवहन कर रहे हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है शायद इन्हें रेत परिवहन की लीगल रायालिटी मिल गई है? इन मायनो में कह सकते हैं मांड नदी से जारी इस बिंदास कार्य पर स्थानीय प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है उनकी पैनी नजरों से ये बचे हुए हैं या फिर स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर निकल जा रहे हैं। खैर ये जांच व कार्यवाही का विषय है अब आगे देखने वाली बात होगी कि क्या स्थानीय प्रशासन रेत के अवैध कार्य में लीन लोगों पर कार्यवाई करती है या फिर मामला पहले की भांति ठंडे बस्ते में राह जाता है। ये तो अपने वाला वक्त बतायेगा।

## एक नजर

### कानून व्यवस्था की स्थिति खराब - ओपी

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।



बैंक डकैती को लेकर प्रदेश भाजपा महामंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा दिन दहाड़े बैंक डकैती ने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था को पोल खोल कर रख दी। इसके लिए ओपी ने卐कका卐 के कुसाशन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में शांति का गढ़ कहा जाने वाला छत्तीसगढ़ आज कांग्रेसी कुशासन में लुटेरे और माफियाओं के साथ डकैतियों लुटेरों का गढ़ बन चुका है। चाकू की नोक पर दिनदहाड़े बैंक से करोड़ों लूटे जा रहे हैं और भूपेश सरकार आंखों में पट्टी बांध कर बैठी है। जांच के उदासीन रवैए की वजह से घटना के बाद 12 घंटे बीतने के बाद भी सुराग नहीं मिल पाया। दिन दहाड़े डकैती से आम जनमानस में असुरक्षा की भावना घर कर रही है।

### चुनावी महीने में क्रांति सेना का खरसिया में संगठन विस्तार समर्थकों में हर्ष

जोहार छत्तीसगढ़ -बिलासपुर।



प्रदेश का सबसे बड़े बड़े गैर राजनैतिक संगठन बनकर उभरे, और हर राज्य की तरह छत्तीसगढ़ में भी स्थानीय लोगो को राजनीति में 100 फीसदी रखने के लिए जूझ रहे छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा खरसिया चुनाव के मद्देनजर संगठन में कसावट लाने के लिए ताबड़तोड़ फैसले लिए जा रहे है , इसी कडी में छत्तीसगढिया वाद प्रमोट कर रहे है। अपने क्षेत्र में जनपद सदस्य, सरपंच जिला पंचायत सदस्य ने सदस्यता लिया सभी ने एक स्वर मे कहा छत्तीसगढ??? मे छत्तीसगढियावादी सरकार बनाने पर रहे जो दिया चुनाव प्रभारी ठाकुर शैलु छत्तीसगढिया, सुनिल कश्यप, सूरज पटेल,नारायण,सतीश पांड़े,दिनदयाल, रामावतार पटेल,अरुन सारथी,अनुज कवर, हिमांसु,गोलु कलार,अश्वनी राठौर, हेंमंत सभी गाँव के सदस्य मैजुद थे।

### सुहागिनों ने पति के दीर्घायु के लिए तीज पर रखा उपवास

**कोरबा** । हरितालिका तीज पर सोमवार को सुहागिनों ने उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की। त्यौहार मनाने ससुराल से मायके पहुंची सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया। देर शाम तक महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया। श्रृंगार व पूजा विधान के पश्चात कीर्तन भजन का दौर रात्रि में जारी रहा।

तीज पर्व का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व होता है। इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए महिलाएं अपने ससुराल से मायके पहुंच चुकी हैं। जो महिलाएं अपने मायके नहीं पहुंचीए उन्होंने ससुराल में ही रहकर उपवास रखा। सोमवार की सुबह से ही महिलाओं ने इस व्रत के लिए पूर्व से ही व्यापक तैयारी कर ली थीं। उपवास के दौरान महिलाओं द्वारा पूरे श्रृंगारिक वेशभूषा में एक-दूसरे को सजने-सजाने के लिए सहयोग दिया जाता रहा। व्रतियों ने नई साड़ी व विविध आभूषणों से सजने के साथ-साथ हाथों में विविध आकृति के मेहंदी लगवाए। तीज के अवसर पर विविध प्रकार के व्यंजन पकवान बनाए गए। शाम होते-होते सुहागिनों ने गणेश व शिव-पार्वती की पूजा आराधना के साथ-साथ अपने पति की आरती उतारकर उनसे आशीर्वाद लिया गया। महिलाओं का मानना है कि इस त्यौहार में उपवास का विशेष महत्व होता है। उपवास के माध्यम से एक ओर जहां ईश्वर से सुहाग के दीर्घायु होने की कामना की गई वहीं सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए भगवान से विनती की गई। उपवास व पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने पुलाहार व छत्तीसगढ़ी पकवानों से अपना व्रत तोड़ा। देर रात तक महिलाओं द्वारा जागरण कर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता रहा।

तीज पर्व में मायके पहुंची सुहागिनो में अपने बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास रहा।

## बालको के इंजीनियर सस्टेनबिलिटी एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद को दे रहे हैं बढ़ावा

**कोरबा-बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको में इंजीनियरों की विविध और कुशल टीम हैजो अपनी कार्यकुशलता से कंपनी के प्रचालन को उत्कृष्टबनाने में योगदान दे रही है। इंजीनियर अपने तकनीकी समझ और विशेषज्ञता से संयंत्र के विभिन्न पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और पर्यावरणीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हैं।

बालको अपने एल्यूमिनियम स्मेल्टर में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाता हैं। कंपनी में प्रचालन कीउत्कृष्टताको सुनिश्चित करने के लिए प्रतिभाशाली इंजीनियर लगातारकाम कर रहे हैं। इन्हीं में से एक मेटलर्जिकल इंजीनियर राम प्रताप यादव ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि स्मेलटिंग प्रोसेस धातु के गलने की प्रक्रिया के दौरान एल्यूमिना को चमकदार एल्यूमीनियम धातु में परिवर्तित होते देखना काफी आकर्षक है! तकनीकी प्रभारी के रूप मेंमेरी ज़िम्मेदारी पॉटरूम के भीतर स्मेलटिंग प्रोसेस केसुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में निहित है। मेटलर्जीकी विशेषज्ञता मुझे मानक मिश्रण का उपयोग करने में मदद करती है जो हमारे उत्पाद को उत्कृष्ट बनाती है। उत्पाद की गुणवत्ता के प्रति बालको की अटूट प्रतिबद्धता इसके कार्यकुशलता को दर्शाती है। बालको में मटेरियल्स इंजीनियर प्रीति शिखा नंदा ने धातुविज्ञानए अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद गुणवत्ता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि उत्पाद गुणवत्ता मूल्यांकन हमारे उत्पादों में उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के साथ ही कास्टहाउस के संचालन प्रक्रियाओं के मानक में समय पर सुधार भी करते हैं।

# एक्सिस बैंक डकैती कांड पर भड़के भाजपा नेता

### बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर के लिए स्थानीय शासन जिम्मेदार-विकास केडिया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बीते कुछ सालों में रायगढ़ जिला मुख्यालय में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया ने स्थानीय शासन और पुलिसिया तंत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पौने पांच साल के कार्यकाल के दौरान पूरे राज्य सहित हमारे रायगढ़ अंचल में दिनदहाड़े हत्या, लूट, चोरी और डकैती जैसी अपराधिक घटनाएं अब सामान्य बात होती जा रही है, मानों अपराधियों के मन में पुलिस और कानून को लेकर कोई भय नाम



की चीज ही न हो। स्थानीय शासन, विधायक और पुलिसिया तंत्र को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा नेता केडिया ने कहा कि 19 सितंबर की सुबह शहर के सबसे पॉश और व्यस्ततम इलाके ढिमरापुर स्थित एक्सिस बैंक में जिस सनसनीखेज तरीके से पांच करोड़ रूपए की डकैती की घटना को अंजाम दिया गया उसे देखने के बाद उन्हें यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि रायगढ़ में लॉ एंड आर्डर की स्थिति अपने सबसे बदतरीन दौर से गुजर रही है और इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह है स्थानीय शासन और विधायक की निरंकुशता। आगे भाजपा नेता केडिया ने यह भी कहा कि जिस रफ्तार से प्रदेश सहित हमारे रायगढ़ अंचल में बीते दो तीन सालों में चोरी, लूट, रेप, छेड़खानी, हत्या और डकैती जैसे अपराधिक घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ा है लेकिन उनके स्मरण में नहीं है कि स्थानीय विधायक ने बढ़ते अपराधिक वारदातों को लेकर विधानसभा में कभी कोई सवाल गृह मंत्रालय से पूछा हो, ताकि स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो। लेकिन स्थानीय विधायक व शासन की असंवेदनशीलता और गैर जिम्मेदाराना रवैए की वजह आज हमारे रायगढ़ को लोग अपराधगढ़ कहकर संबोधित कर रहे हैं जहां लगभग हर दूसरे दिन कोई न कोई बड़ी अपराधिक वारदात घट रही है।

# खुटाघाट डेम के ग्राम जाली साईड पहाड़ी में मिली महिला की लाश, मोबाइल नंबर से हुई मृतक की पहचान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

खुटाघाट बांध की पहाड़ी ग्राम जाली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की झाड़ियों में महिला की लाश देखी गई जो की सडी गली लाश होने की वजह से बदबू आ रही थी जिसकी सूचना गांव के सरपंच को दी गांव के सरपंच ने कोटवार के साथ मिलकर रतनपुर थाने में इसकी रिपोर्ट की, जिस पर रतनपुर पुलिस मौके पर एक अज्ञात महिला का शव ग्राम जाली मरघट के पास मिलने की सूचना पर हमराह स्टाफ ग्राम जाली जाकर निरीक्षण किया। महिला के शव के पास से एक मोबाइल नंबर मिला जिस पर पता करने से उक्त महिला का नाम शिव कुमारी मरार पति महेत्तर मरार उम्र करीबन 45





वर्ष ग्राम भादा कछार थाना पाली का पता चला जो 11 सितंबर से अपने घर में बिना बताए कहीं चली गई थी परिजनों द्वारा थाना पाली में गुम इंसान कायम कराया गया था । मामले में मर्ग इंटीमेशन लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है । बताया जा रहा है कि गांव के चरवाहे ने मवेशी चराने खुटाघाट के इस पहाड़ी पर गया हुआ था पहाड़ी के झाड़ियां के बीच से बदबू आ रही थी पास में जाकर देखा तो वहां पर किसी महिला की लाश पड़ी हुई थी।

## परिवर्तन यात्रा जशपुर से निकलकर सक्ती पहुंचेगी 24 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-बाराद्वार।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में परिवर्तन यात्रा निकाल रही है एक यात्रा जशपुर से निकलकर सक्ती, जांजगीर-चांपा विधानसभा होते हुए बिलासपुर पहुंचेगी। इस परिवर्तन यात्रा में सक्ती विधानसभा के बाराद्वार नगर में स्वागत तथा आमसभा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। बाराद्वार में होने वाली स्वागत एवं आम सभा की तैयारी हेतु कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने आम सभा के लिए स्थल निरीक्षण के साथ ही तैयारी बैठक मंडल के पदाधिकारियों तथा नगर के प्रमुखों से चर्चा कर रूपरेखा बनाई। जिसमें सभी कार्यों को संपादित करने हेतु प्रभारी तथा सह प्रभारी बनाए गए। आमसभा के लिए सभा स्थल हेतु सामुदायिक भवन के पास स्थित स्थान का चयन किया गया। आमसभा तथा स्वागत



को भव्य बनाने में सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता जुट गए हैं। इस बैठक में प्रमुख रूप से रमेश सिंधानिया जिला प्रवक्ता, मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, महामंत्री द्वय दीपक ठाकुर, गेंद राम मनहर, अंजनी जिंदल, गोपाल जोशी, जयकिशन केडिया, महावीर राठौर, चंद्रशेखर शर्मा, जयप्रकाश साहू, संतोष महंत, राकेश अग्रवाल, शंकर महंत, पार्षद मेंगनू भैना, ओमप्रकाश कुर्रे, पंकज सांवड़िया, अमित कलानोरिया, विजय जायसवाल, लखन राठौर, डॉ. धीरेंद्र खूंटे, ओम प्रकाश जिंदल, शिव राठौर, सहदेव उरांव, बजरंग अग्रवाल, कृष्णा साहू, गोविंदा साहू, बसंत सूर्या सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# काउंसलिंग में बुलाने के बाद भी बच्चे का नहीं हुआ दाखिला

### परिजनों ने कलेक्टर और शिक्षा अधिकारी से की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

एकलव्य आवासीय विद्यालय द्वारा बैकुंठपुर के जनपद सभाकक्ष में आयोजित कॉउंसलिंग में नाम आने के बाद भी कोड़ा निवासी छात्र चरना राय विजय सिंह का नाम अंतिम सूची से काट दिया गया जिसे लेकर परिजनों ने कलेक्टर एमसीबी और जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र देकर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। इस पूरे मामले में छात्र चरना राय विजय सिंह के पिता विजय सिंह ने बताया की एकलव्य आवासीय विद्यालय में एडमिशन के लिए 8 सितंबर 2023 को बच्चों की काउंसलिंग जनपद सभा कक्ष बैकुण्ठपुर में



रखी गई थी जहां मैं भी अपने बच्चे चरना राय विजय सिंह को लेकर निर्धारित समय सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपने बच्चे का काउंसलिंग कराया। काउंसलिंग में मेरे बच्चे का एकलव्य विद्यालय पोंडडीह में चयन किया गया। काउंसलिंग के 5 दिन बाद जब सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग जिला कोरिया का हस्ताक्षर वाला फाइनल लिस्ट निकला तो पता चला कि जो बच्चा काउंसलिंग के समय आया था उसका नाम हटाकर जो बच्चा काउंसलिंग में नहीं आया था या निर्धारित समय में नही पहुंचा था उसका नाम लिस्ट में शामिल करते हुए मेरे बच्चे का नाम हटा दिया गया है। मैं संबंधित कर्मचारियों की मिलीभगत और घूसखोरी की शंका से दुखी हूं। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य मनीष और बाबू विक्की पाल से पूछने पर कहा जाता है कि आपका लड़का वेटिंग

लिस्ट में आ गया है। जगह खाली होगा तो ले सकते हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि काउंसलिंग

*की पूर्ण प्रक्रिया होने के बाद मेरे बच्चे का नाम वेटिंग लिस्ट में कैसे आया। छात्र के पिता विजय सिंह ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है की संबंधित कर्मचारियों से जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जाये। इसके अलावा बैकुण्ठपुर सहायक आयुक्त कार्यालय के किसी व्यक्ति ने फोन करके मेरे से कहा की आप चरना के पालक है। 3-4 दिन बाद लिस्ट निकल जायेगा। इस घटना से दुखी विजय सिंह ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से निवेदन किया है की एकलव्य विद्यालय एडमिशन की पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी एवं संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ जांच करते हुए उचित कार्यवाही की जाये।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in